राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

वर्ष: 47 अंक 197
जौनपुर, रविवार
04 मई 2025

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
36°C | 25°C

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8

जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट) नाक, कान, गला, थायरॉइड एवं मुख कैन्सर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया B.H.M.S., C.G.O. नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

Redefining Education
Umanath Singh Hr. Sec. School
www.unsschool.in
Registration Started Academic Session 2025-26 P.G., L.K.G to XI
Peaceful & Good Environment
Loving & Caring Teachers
Activity Oriented Curriculum
Creative Education Plan
A Senior Sec. School Affiliated to CBSE New Delhi
The Choice of Winner
Special Orientation for NTSE Olympiad, KVPY, NEET & JEE
Transport Facility Available
Shankarganj, Maharupur, Jaunpur - 222180
9415234208, 9648531617, 9839155647, 8808794452
9% of the Students Scored above 95 Percentile in the JEE (Mains) 2023
Principal-Dr. Bruno D.Nazareth

गोवा के लैराई देवी मंदिर में भगदड़ से 7 लोगों की मौत, 50 घायल

गोवा के सीएम ने घायलों का जाना हालचाल

गोवा, 03 मई। गोवा के शिरगाओ गांव में लैराई देवी मंदिर में भगदड़ मचने से कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज़्यादा लोग घायल हो गए। यह घटना शनिवार तड़के हुई। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घटना के पीछे भीड़भाड़ और उचित व्यवस्थाओं की कमी को संभावित कारण माना जा रहा है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत शनिवार को घायलों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ के एक हिस्से के नियंत्रण खो देने के बाद स्थिति बिगड़ गई। स्थानीय लोगों और मंदिर के स्वयंसेवकों ने लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया। भगदड़ उस समय हुई जब मंदिर में सदियों पुरानी रस्म को देखने और उसमें हिस्सा लेने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े थे, जहां लोग नंगे पांव 'धोंड' जलते अंगारों पर चलते हैं।

पीएमओ की ओर से पोस्ट कर जताया गया दुख: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यालय की ओर से इस भगदड़ को लेकर एक्स पर पोस्ट कर दुख जताया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने पोस्ट किया, 'गोवा के शिरगाओ में भगदड़ के कारण हुई जान-माल की हानि से दुखी हूं। अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।'

राष्ट्रपति ने दुख प्रकट किया: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी गोवा में लैराई देवी जात्रा के दौरान हुई भगदड़ में हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

हर साल आते हैं 50 हजार से अधिक श्रद्धालु: श्री लैराई यात्रा हर साल उत्तरी गोवा में आयोजित की जाती है, जिसमें 50,000 से अधिक श्रद्धालु आते हैं। भगदड़ तब हुई, जब मार्ग पर ढलान के कारण भीड़ एक साथ तेजी से आगे बढ़ने लगी। रिपोर्टों के अनुसार, घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

यह भगदड़ श्री लैराई देवी यात्रा के दौरान हुई, जो शुक्रवार को शुरू हुई थी, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए थे। यात्रा की व्यवस्था के लिए लगभग 1,000 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था।

भीड़ की गतिविधियों पर हवाई निगरानी के लिए ड्रोन भी लगाए गए थे। शुक्रवार को इससे पहले मुख्यमंत्री सावंत, उनकी पत्नी सुलक्षणा, राज्यसभा सांसद सदानंद शेट तनावड़े और विधायक प्रेमेंद्र शेट और कार्लोस फरेरा ने यात्रा का दौरा किया था।

क्या है प्रथा?: यह मंदिर उत्तरी और दक्षिणी स्थापत्य शैली के मिश्रण के लिए जाना जाता है, यहां हर साल मई में शिरगाओ जात्रा का आयोजन किया जाता है। इस त्यौहार में पारंपरिक अग्नि-चलन अनुष्ठान होता है, जो हज़ारों भक्तों को आकर्षित करता है।

SINCE : 1981
Affiliated to CBSE (New Delhi)
NEHRU BALODYAN SR. SECONDARY SCHOOL
ADMISSION OPEN 2025-26
KANHAIPUR, VAN VIHAR ROAD, JAUNPUR
SCIENCE • COMMERCE • HUMINITIES
PLAY GROUP To 9TH & 11TH
UPSC Air-1 Result - 24-01-2024 NIKHIL SINGH SCHOOLING- 9 TO 12 (2011-2015)
TRANSPORT INCHARGE 9554586608, 8736006564
KANHAIPUR, JAUNPUR
CONTACT FOR MORE INFO 9415234111, 9415349820, 9450089310

पाकिस्तान से हर तरह के आयात पर रोक

पाकिस्तान के व्यापार पर भारत का एक और चाबुक

नई दिल्ली, 03 मई। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ा कदम उठाया है। भारत ने पाकिस्तान से सारे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आयातों पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने नोटिस जारी करते हुए इस प्रतिबंध को जल्द से जल्द लागू करने का आदेश दिया है। 2 मई को जारी किए गए इस नोटिस के अनुसार विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में एक प्रावधान जोड़ा गया है, जिसके तहत पाकिस्तान से आने वाले सभी तरह के आयात रोक दिए गए हैं।

क्या है वजह?: विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने नोटिफिकेशन में इस प्रतिबंध की वजह भी साफी की है। उनका कहना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीतियों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

क्या है विकल्प?: भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ यह कठोर कदम पहलगाम हमले के बाद उठाया है। हालांकि, फिर भी अगर भारत में पाकिस्तान से कोई आयात होगा, तो इसके लिए भारत सरकार की इजाजत लेना आवश्यक होगा। बिना सरकार के आदेश के पाकिस्तान कोई भी चीज भारत में नहीं भेज सकता है।

एफटीपी में क्या हुआ बदलाव?: इस संदर्भ में विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) में भी नया प्रावधान जोड़ा गया है। इसमें लिखा है कि पाकिस्तान में उत्पन्न या वहां से निर्यातित सभी वस्तुओं का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात, चाहे वे स्वतंत्र रूप से आयात योग्य हों या अन्यथा अनुमत हों, तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा।

पहलगाम हमले के बाद उठाए कठोर कदम: बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मौजूद बैसरन घाटी पर हुए आतंकी हमले के बाद से ही भारत सरकार पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले ले रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल समझौता रद कर दिया गया है। वहीं, भारत में रहने वाले सभी पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया गया है।

जम्मू कश्मीर और गुजरात में लगे भूकंप के झटके

नई दिल्ली, 03 मई। गुजरात और जम्मू कश्मीर में आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। गुजरात में इंस्टीट्यूट ऑफ सिसमोलॉजी रीसर्च ने इसकी जानकारी दी है। कुछ घंटे पहले उत्तरी गुजरात में 3.4 की तीव्रता वाले भूकंप के झटके लगे, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकल गए। स्थानीय प्रशासन की मानें तो झटके ज्यादा तेज नहीं थे। ऐसे में कहीं कोई जनहानि नहीं हुई है। किसी की जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं मिली है।

गुजरात में भूकंप का केंद्र: इस भूकंप का केंद्र गुजरात के बानसकांठा में स्थित वाव को बताया जा रहा है, जो गांधीनगर से महज 27 किलोमीटर की दूरी पर है। शनिवार की सुबह 3=35 बजे भूकंप आया था। वाव में भूकंप का केंद्र जमीन से 4.9 किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया है।

जम्मू कश्मीर में आया भूकंप: गुजरात के अलावा जम्मू कश्मीर में भी आधी रात को भूकंप के झटके लगे हैं। 3 मई की रात लगभग 2:29 बजे 2.7 की तीव्रता से भूकंप आया था। जम्मू कश्मीर में भूकंप का केंद्र डोडा में जमीन से 5 किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया है।

जी.एच.के. हास्पिटल (मल्टी स्पेशलिटी)
पालीटेक्निक चौराहा निकट-लोहिया पार्क, जौनपुर
सुविधाएं:-
अल्ट्रासाउण्ड एवं कलर डापलर
इनफर्टिलिटी विशेषज्ञ
नार्मल एवं सीजर डिलीवरी
कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण
काल्पोस्कोपी
हिस्ट्रोस्कोपी
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी।
(इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध)
डा. अम्बर खान
एमबीबीएस डीजीओ इलाहाबाद (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्त्री रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक दिन 10 से 4 बजे तक

School No. : 70622
Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2025-26
Science, Commerce & Humanities
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (10+2)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com

Referral Book
The Most Advanced 192 Slice Siemens CT Scan Facility in Purvanchal
Diagnato diagnostics realm
•CT Coronary Angiogram
•Brain Angiography

A Place Of Scientific, Situational & Sequential Learning...
ST. MARRY CONVENT SCHOOL
Session 2025-26
Classes PG to IX
ADMISSION OPEN
Ph No.: 9598785972, 9140858396
Add.: Purani Bazar, Jaunpur

माइण्ड केयर सेन्टर
डॉ0 दिनेश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (साइकियाट्री) बी.एच.यू.
(वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोफिजिशियन)
सम्पर्क सूत्र:- 9415203047, 9506699099
जौनपुर: मिर्जापुर रोड, निकट-सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग, पुल के नीचे
दिन- बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार (समय-10 बजे से 5 बजे तक) मो0- 8934932805
लालगंज: स्टेट बैंक के सामने, बाईपास रोड, लालगंज, आजमगढ़ (दिन-प्रत्येक बृहस्पतिवार (समय-11 बजे से 4 बजे तक) मो0- 9415203047
वाराणसी: D33, शिवाजी नगर कालोनी महमूरगंज (आकाशवाणी के पीछे) सोम-मंगल: सुबह 10 से 2 सुबह/शाम (प्रतिदिन) 6 बजे से 8 बजे तक मो0-9415217568, 9415203047
भदोही: भदोही ब्लाक के सामने रेवड़ा फाटक रेलवे क्रासिंग के पास, भदोही दिन- प्रत्येक शनिवार समय 10 बजे से 4 बजे तक मो0-9621979101, 9415203047

SALVATION HOSPITAL साल्वेशन हॉस्पिटल
डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव B.A.M.S. (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
24 घंटे भर्ती की सुविधा
आई.सी.यू. | डायलेसिस | एच.डी.यू.
नेत्र विभाग | अस्थि रोग विभाग
दन्त चिकित्सा | किडनी विभाग
जनरल मेडीसिन | जनरल सर्जरी
नोट- प्रत्येक महीने के दूसरे रविवार को प्रयागराज के गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा0 सन्तोष मौर्य (M.D., D.M. Nephro) 12 बजे से 4 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
डॉ. विवेक श्रीवास्तव
M.D. (Physician, F.G.O. (APOLO HOSPITAL)
P.G.D.S. Member of Indian Medical Association
UPMCI Rg. No. 95653
पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्यकर्मी कैशलेस चिकित्सा योजना सम्बद्ध अस्पताल
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत सूचीबद्ध अस्पताल
कंधरपुर, मुरादगंज, जौनपुर (वाराणसी-लखनऊ न्यू हाइवे के बगल में बाईपास से 400 मीटर की दूरी पर 9138828282, 8686867547

20 Year
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है।

भूमि विवाद से सम्बन्धित शिकायतों का संयुक्त टीम द्वारा किया जाये निस्तारण : जिलाधिकारी

शिकायत के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले के तहसील ओबरा में मई महीने के प्रथम शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में ओबरा तहसील में किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को बड़े ही सरल भाव से सुना गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्यादातर मामले भूमि व पुलिस विभाग से सम्बन्धी मामले प्राप्त हुए, उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पुलिस विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर ससमय गुणवत्त पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये,

उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के टीम द्वारा मौके पर जाकर किया जाये, आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का सभी अधिकारी प्रतिदिन अनुश्रवण करें और निर्धारित समय के अन्तर्गत ससमय निस्तारण सुनिश्चित करें, शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित फोटोग्राफ भी संलग्न करें, उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों में समय से उपस्थित होते हुए जनमानस के शिकायतों का निस्तारण

समय से करना सुनिश्चित करेंगें। शिकायत के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट जारी करने के लिए कैम्प लगाये गये थे, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजना जैसे आयुष्मान कार्ड बनाने, विधवा पेंशन, निराश्रित पेंशन, दिव्यांग सर्टिफिकेट आदि बनाने से सम्बन्धित जो भी प्राप्त हुए हैं, उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाये, सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में आयुष्मान कार्ड के 15 लाभार्थी आये थे, जिसमें से 09 लाभार्थियों का कार्ड बनाया गया, 03 दिव्यांग प्रमाण पत्र, 03 वृद्धा पेंशन बनाया गया, तथा 09 लाभार्थियों का फार्मर रजिस्ट्री कराया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह आदि ने 77 शिकायतें सुनते हुए पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये, 03 टीम क्षेत्र में भेजकर टीम द्वारा 03 प्रकरणों का निस्तारण कराया, इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 07 प्रकरण निस्तारण किया गया, बाकी 70 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए हैं। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी अश्वनी कुमार, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी नामित शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह शैतन्य समाहित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज उत्कर्ष द्विवेदी, तहसीलदार अमित कुमार आदि ने 139 शिकायतों को सुनते हुए, मौके पर ही 17 मामलें निस्तारित किये गये, 01 टीम क्षेत्र में भेजकर टीम द्वारा 01 प्रकरण का निस्तारण किया गया, बाकी 121 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए हैं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी का आयोजन अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, तहसील दिवस में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर सहदेव कुमार, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, तहसीलदार दुद्धी आदि ने 49 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये।

घोरावल का आयोजन उप जिलाधिकारी राजेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, तहसील दिवस में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल आदि ने 78 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 08 मामलें निस्तारित किये गये, 02 टीम क्षेत्र में भेजकर टीम द्वारा 02 प्रकरण का निस्तारण किया गया, इस प्रकार कुल 10 प्रकरण का निस्तारण किया गया, बाकी 68 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

संदिग्ध परिस्थिति में खलिहान में लगी आग

तरूणमित्र न्यूज

करमा, सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत भरुआ गांव में एक किसान के खलिहान में रखे लगभग ग्यारह बीघे गेहूं का बोझ संदिग्ध परिस्थिति आग से जलकर खाक हो गया जिससे किसान को भारी क्षति पहुंची है। मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस के द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया तो फायर ब्रिगेट के आने के बाद आग पर काबू पाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भरुहा गांव में हनुमान नाथ तिवारी के खलिहान में रखें लगभग ग्यारह बीघे गेहूं का बोझ संदिग्ध परिस्थिति में अचानक जलने लगा गांव के किसी व्यक्ति ने किसान को सूचित किया मौके पर पहुंचे हनुमान तिवारी एवं उनके पुत्र विनोद नाथ तिवारी ने सूचना पाकर पीआरबी को सूचना दी 112 नंबर पुलिस ने आकर फायर ब्रिगेड को सूचित किया मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने बड़ी ही मशक्कत के पश्चात आग पर काबू पाया इस तरह से मुक्त भोगी का लगभग 11 बीघे जमीन के गेहूं का बोझ जल कर खाक हो गया जिससे लाखों रुपए की छती हो गई। भुक्तभोगी क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दे दिए हैं। करमा थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि अभी हमें लिखित सूचना नहीं मिली है मिलने पर जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

दुष्कर्म के दोषी इमरान को 20 वर्ष की कठोर कैद

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। साढ़े चार वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी इमरान को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 40 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 30 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक विंढमगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 8 जनवरी 2021 को थाने में दी तहरीर मे अवगत कराया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिक बेटी 5 जनवरी 2021 को सुबह 5 बजे घर से शौच के लिए निकली थी। लेकिन वह काफी देर तक वापस नहीं लौटी। काफी रिश्तेदारी व अन्य जगहों पर खोजबीन की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इस तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया।

विवेचना के दौरान अभियुक्त इमरान पुत्र यासीन उर्फ सलामत निवासी सैनपुर, थाना कोतवाली औरैया, जिला औरैया का नाम प्रकाश में आया। इसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया और लड़की को बरामद किया। कोर्ट के समक्ष लड़की को पेश किया गया तो लड़की के बयान के आधार पर दुष्कर्म समेत अन्य धारा में बढोत्तरी की गई। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी इमरान को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 40 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 30 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगा। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

वन कर्मियों की मिलीभगत से काटे जा रहे हरे पेड़

तरूणमित्र न्यूज

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से लकड़ी माफिया खुलेआम पेड़ों में आरा चलवा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों की नजर इन पर नहीं पड़ रही है। ड्रमंडगंज रेंज में हरे पेड़ों का कटान जारी है। मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे नैड़ी कठारी गांव में लकड़ी माफियाओं द्वारा क्षेत्र से बेशकीमती और फलदार पेड़ों की कटाई कर लकड़ियां तस्करी हेतु डंपिंग की गई है।

जिसका लोगों ने वीडियो भी बनाकर वायरल कर दिया है। सरकार पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर पेड़ लगाती है। परंतु वन विभाग के अधिकारियों और वन दरोगाओं की मिली भगत के चलते लकड़ी माफिया हरे पेड़ों को मशीनों से काट कर पल में ही साफ कर रहे हैं। लकड़ी माफियाओं द्वारा शीशम के मोटे पेड़ को मशीन से कटवाने के बाद शीशम के पेड़ को ट्रैक्टर ट्राली में लादकर लकड़ी टाल पर भेज कर डंपिंग की जा रही है। शीशम के पेड़ की कीमत लाखों में बताई जा रही है। मालूम हो कि वन विभाग चुपचाप यह सब देखते हुए आंखें बंद किए बैठा है। इस मामले में रेंजर वीके तिवारी का कहना है कि छूट प्रजाति के पेड़ काटे जा रहे हैं यदि प्रतिबंधित पेड़ काटे जा रहे हैं तो इसकी जांच कराई जाएगी।

1100 विद्युत लाइन के नीचे लगे बांस का पेड़ हटाने की मांग

तरूणमित्र न्यूज

दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के टेढ़ा गाँव के ग्रामीणों ने शनिवार को तहसील समाधान दिवस में एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर 1100 विद्युत लाइन के नीचे लगे बॉस का पेड़ हटवाने की मांग की हैं। ग्रामीण धनराज, महावीर, रामचरित्र, फूलचंद, पांचू, रविशंकर, आनंद सहित अन्य ग्रामीणों ने तहसील समाधान दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में बताया हैं कि टेढ़ा गाँव में विद्युतीकरण के दौरान 1100 वोल्ट का तार सरकारी बांध से गया हैं जिसके नीचे गाँव के ही एक व्यक्ति ने सरकारी बांध पर बांस लगा दिया हैं और बांस बड़ा होकर 1100 वोल्ट लाइन में सट जा रही हैं जिससे बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती हैं।

ग्रामीणों के कहने के बाद भी उक्त व्यक्ति द्वारा सरकारी बांध से बांस का पेड़ काटकर हटाया नहीं जा रहा जिससे विद्युत दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं। इसके अलावा हवा-तूफान के दौरान बांस का पेड़ तार एवं बांध पर गिर जाती हैं जिससे उक्त बांध से प्रतिदिन स्कूल आने-जाने वाले बच्चों सहित राहगीरों के लिए खतरा बना रहता हैं। ग्रामीणों का कहना हैं जिस सरकारी बांध पर बांस का पेड़ लगाया गया हैं वहां क्षेत्र पंचायत से पिसीसी सड़क भी बनी हैं जिस रास्ते से प्रतिदिन दर्जनों लोगों का आवागमन होता हैं। ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम निखिल यादव ने बिजली विभाग के एसडीओ को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

डीएम व एसपी ने निर्माणाधीन तहसील ओबरा के भवन का किये औचक निरीक्षण

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने निर्माणाधीन तहसील ओबरा के भवन का औचक निरीक्षण किये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेन्सी सी0एम0डी0एस0 को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील भवन के निर्माण कार्य में तेजी लायी जाये और निर्माण कार्य ससमय गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाये जिससे कि तहसील का संचालन नये भवन से जल्द प्रारम्भ हो सके इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणधीन तहासील भवन के विभिन्न कक्षों को देखे और निर्माण कार्य के गुणवत्ता बेहतर करने हेतु निर्देशित किये। इस मौके पर उप जिलाधिकारी विवेक

सिंह ओबरा, सी0ओ0 ओबरा, जे0ई0 सी0एम0डी0एस0, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

एनसीएल खड़िया परियोजना में काम कर रही निजी कंपनी कलिंगा द्वारा की गई भर्ती की हो जांच: रोशन लाल यादव

लोकसेवक ने स्पीड पोस्ट लेने से किया इनकार, पत्र प्रेषक को वापस लौटाया

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। सोनांचल संघर्ष वाहिनी(सोसंवा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रोशन लाल यादव ने शुक्रवार को शक्तिनगर एसएचओ के विरुद्ध मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायती पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

सोनांचल संघर्ष वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सीएम को भेजे पत्र में कहा है कि लोक सेवक होकर भी शक्तिनगर एसएचओ ने स्पीड पोस्ट को लेने से इनकार करते हुए प्रेषक को वापस लौटा दिया। जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि निजी कंपनी से साठ गांठ कर सुविधा शुल्क लेकर भर्ती कराने में शामिल

शक्तिनगर एसएचओ ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं किया है। एनसीएल खड़िया परियोजना में काम कर रही एक निजी कंपनी कलिंगा द्वारा एक हजार के ऊपर संविदा हेलफर और ड्राइवरों की भर्ती में संगठित संरक्षण प्राप्त तथा कथित गिरोह के द्वारा यहां के विस्थापित, प्रभावित और लोकल बेरोजगारों की भर्ती के नाम पर धड़ल्ले से युवाओं का दोहन किया जा रहा है।

भर्ती घोटाले की जांच हो और संगठित गिरोह द्वारा अभी तक कराई गई भर्ती को निरस्त कर भर्ती की स्पष्ट गाइड लाइन बनाकर तीन दिन खुला कैंप लगाकर एक हजार में 80: विस्थापित, प्रभावित और लोकल बेरोजगारों की भर्ती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा है कि एनआईटी के समझौते के आधार पर एनसीएल मुख्यालय सिंगरौली के चीफ जनरल मैनेजर द्वारा 10 जुलाई 2006 को स्पष्ट आदेश पारित किया गया है कि संविदा की समस्त भर्ती की 80 प्रतिशत विस्थापित, प्रभावित व लोकल बेरोजगारों की ही भर्ती सुनिश्चित हो। बावजूद इसके आदेश की अनदेखी कर चंद संगठित लोगों व एनसीएल खड़िया प्रबंधन की मिलीभगत से बाहरी लोगों की भर्ती सुविधा शुल्क लेकर बेरोकटोक की जा रही है। कहा कि अगर हुई भर्ती को निरस्त कर मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी और उर्जांचल में बेरोजगारों की भर्ती का खेल खेल रहे संगठित लोग जल्द बेनकाब होंगे।

मुसलमानों के हित में वक्फ संशोधन बिल: सरवर सिद्दिकी

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के सदस्य सरवर सिद्दिकी ने कहा कि वक्फ बोर्ड के जमीनों की वर्तमान में कुल कीमत लगभग 84.50 करोड़ रुपए से भी अधिक की है। रेलवे के बाद देश में सबसे अधिक भूमि वक्फ बोर्ड के पास है। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के मुसलमानो की स्थिति दलितों से भी बदतर है। यह सच्चर कमेटी के रिपोर्ट ने बताई। वक्फ बोर्ड की ज्यादातर जमीनों पर अवैध कब्जा है। जहां पर कामर्शियल बिल्डिंग खड़ी कर दी गई है। उससे आम मुसलमानों को कोई फायदा नहीं है।

श्री सिद्दिकी ने कहा कि केंद्र सरकार ने वक्फ विधेयक में इस लिए संशोधन किया। ताकि उन अवैध कब्जे से उसे मुक्त कराया जा सके। जो जमीनें वक्फ बोर्ड की है। उनको पिछड़े मुसलमानों को फायदा पहुंचाया जा सकें।

उन्होंने कहा कि कुछ लोगों व विपक्षी पार्टियों द्वारा अपना राजनीतिक हित साधने के लिए इसका विरोध किया जा रहा है। वह नहीं चाहते हैं कि जो गरीब मुसलमान है। उनका भी जीवनस्तर ऊंचा उठें। जबकि वक्फ संशोधन बिल गरीब मुसलमानों के हित में है। हालांकि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता आम मुसलमानों के बीच जाकर इसे बता रहे हैं। उनको जागरूक किया जा रहा है।

जल जीवन मिशन योजना से होती रहेगी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति

जल जीवन सखियों ने गांवों में जाकर किया ग्रामीणों को जागरूक

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। विकासखंड अभोली के ग्राम पंचायत वीरमपुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत शनिवार को वीरमपुर पेयजल योजना का ग्रामवासियों की उपस्थिति में विभाग के कर्मचारियों ने निरीक्षण किया। उनके द्वारा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों से वार्ता की गई। इस दौरान ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के उपयोग से होने वाले लाभ, अशुद्ध जल सेवन से होने वाली बीमारियों तथा जल के संरक्षण आदि के संबंध में जागरूक किया गया। जल जीवन सखियों द्वारा ग्रामों में जाकर शुद्ध व नियमित पानी की उपलब्धता पर बल दिया गया।

साथ ही घर-घर जाकर जल टेस्टिंग करते हुए जल संरक्षण की अलख भी जगाई। जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों, तकनीकों और इसके महत्व के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जल संचयन व वर्षा जल संचयन के महत्व को बढ़ावा देने के साथ ही जल की बचत व उसके संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा गया। कार्यदाई संस्था के स्टाफ द्वारा मौके पर पाई गई कमियों को दूर किया गया।

कार्यक्रम में जल निगम,डीपीएमयू, कार्यदाई संस्था के स्टाफ द्वारा सुनिश्चित किया गया कि ग्रामवासियों को नियमित शुद्ध पेयजल की आपूर्ति जल जीवन मिशन योजना के द्वारा होती रहे।

दुद्धी उपनिबंधक समेत 4 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आदेश

- **सम्बंधित क्षेत्राधिकारी करेंगे मामले की विवेचना**
- **जनजाति की जमीन बैनामा का मामला**

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जनजाति की जमीन पिछड़ी जाति को बैनामा किए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससीध्एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दुद्धी उपनिबंधक समेत चार लोगों के विरुद्ध पिपरी थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज कर सम्बंधित क्षेत्राधिकारी से विधि अनुरूप विवेचना कराने एवं हुई कार्रवाई से न्यायालय को अवगत कराने का आदेश दिया है।

यह आदेश अयोध्या सिंह पुत्र स्वर्गीय दशरथ निवासी मूर्धवा रेणुकूट, थाना पिपरी, जिला सोनभद्र द्वारा अधिवक्ता विकास शाक्य के जरिए प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर कोर्ट ने दिया है।

अयोध्या सिंह खरवार ने दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि दो लाख रुपये की आवश्यकता होने पर मूर्धवा रेणुकूट निवासी जवाहरलाल ने दुद्धी तहसील में चलकर जमीन बंधक की लिखा पढ़ी करने के बाद पैसा देने की बात कही। 18 मार्च.2025 को जवाहरलाल अपनी पत्नी उर्मिला देवी और एक अन्य साथी जंग बहादुर सिंह को साथ लेकर दुद्धी तहसील आए स्टांप पर लिखा पढ़ी करके हस्ताक्षर कर लिए। तथा 2 लाख रुपये बैंक खाते में डाल देने की बात करते हुए दुद्धी उपनिबंधक कार्यालय में उपस्थित कराये। दुद्धी उप निबंधक पुष्पराज श्रीवास्तव ने अयोध्या से जाति भी पूछा खरवार जाति की जानकारी रखते हुए अयोध्या की जमीन का बैनामा पंजीकृत कर दिया।

अयोध्या खरवार को इस घटना की जानकारी तब हुई जब 27 मार्च 2025 को कब्जा लेने आबादी की जमीन पर लोग चढ़ आए, अयोध्या के खाते में पैसा भी नहीं आया और जमीन का बैनामा हो गया। इसकी सूचना पुलिस को दिए जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं होने पर अदालत की शरण ली।

मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने अधिवक्ता विकास शाक्य के कानूनी पक्षों को सुनने के पश्चात पुरे मामले पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस क्षेत्राधिकारी को विवेचना करने का आदेश दिया है।

वाहन चलाते समय पहने हेलमेट, करें सीट बेल्ट का प्रयोग

तरूणमित्र न्यूज

भदोही। यातायात जागरूकता के लिए शनिवार को काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में यातायात पुलिस द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसका उद्घाटन जनपद के सड़क सुरक्षा अभियान के नोडल प्रभारी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.रमेशचंद्र यादव ने किया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर अनिल सिंह ने छात्रों व गुरुजनों को कार्यक्रम की विशेषता बताते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में लोगों को बताकर उनमें जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों को कम करना है। छात्र-छात्राओं व गुरुजनों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उन्होंने सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। कहा कि बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाएं, सिग्नल्स का पालन करने और सड़क पर सुरक्षित व्यवहार के बारे में

विस्तार से बताया गया। हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग करने और पैदल चलते समय सावधानी बरतने जैसे नियमों पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

इस मौके पर डॉ.भावना सिंह, डॉ.अनुज कुमार सिंह, डॉ.आलोक श्रीवास्तव, डॉ.संजय मिश्र, प्रो.बालकेश्वर डॉ.अंजु वर्मा, डॉ.वीरेंद्र कुमार, डॉ.महेंद्र यादव, डॉ.देवेश यादव, डॉ.राजेश द्विवेदी, डॉ.अरविंद पांडेय, डॉ.अजय कुमार, डॉ.रमेश सरोज व शैलेन्द्र यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

सगे साढ़ू ने पत्थर से मार कर की हत्या

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। जनपद में एक सगे साढ़ू ने दूसरे साढ़ू पर पत्थर से मार कर हत्या कर दी हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है। एसएसपी ने आरोपी साढ़ू को गिरफ्तार करने के लिए तीन टीमों के गठन कर दी है। पुलिस आरोपी साढ़ू को गिरफ्तार करने के लिए दबीश दे रही है।

दरअसल, जिले के विंध्याचल थाना क्षेत्र के अग्रजा पाण्डेयपुर पहाड़ी पर बीती रात एक युवक की पत्थर से मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी मृतक का सगा साढ़ू है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आरोपी साढ़ू के तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा विंध्याचल थाना क्षेत्र के महुआरी कला गांव के रहने वाला सुभाष मुसहर और लालगंज थाना क्षेत्र के तुलसी गांव के रहने वाला राजीव मुसहर दोनों सगे साढ़ू है।

बीती रात किसी बात को लेकर आपस में लड़ाई कर लिया। लड़ाई के दौरान सुभाष मुसहर ने राजीव मुसहर के सर पर पत्थर उठाकर मार दिया।

अदालती सम्मन

सम्मन वास्ते करारदाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय M.A.C.P., जौनपुर
M.A.C.P. No.- 34/ 18
सन्तोष सिंह बनाम नौसाद
ता.पेशी-15.05.2025 जवाब/तनकीह

बनाम- नौसाद पुत्र स्व0 अमीन ग्रा0 लपरी, पोस्ट सरायख्वाजा, जिला जौनपुर।

आपके नाम एक नालिस के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 15 माह 05 सन् 2025 ई0 जबाबदेही व तनकीह बवक्त 10 बजे सुबह के अदालत या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ हो गया है और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके जिसके साथ और कई सख्श हो जो की जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जबाबदेही दावा करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइए अपनी जबाबदेही इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर ता0 मजकूर पर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा वगैर हाजिर आपके मसमूम और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख........ माह........सन् 20........ ई0 जारी किया गया। -न्यायालय

अदालती सम्मन

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायलय उपजिलाधिकारी द्वितीय सदर जौनपुर
तजवीजसानी
धारा 229 बी/ 176/ उ0प्र0 ज0बि0 अधि0
संजय कुमार बनाम तिरथराज आदि
ता.पेशी-06.05.2025 जवाब/तनकीह

बनाम- 1-तिरथराज, 2-अमरनाथ पुत्रगण सदानन्द, 3- आशीष कुमार पुत्र दयाशंकर, 4-श्यामनारायण, 5-रामप्यारे पुत्रगण माताबदल, 6-गुड़िया देवी पुत्री श्यामनारायण, 7-रोहित कुमार, 8- रोहन कुमार, 9-रोसन कुमार पुत्रगण सुबाष, 10-ग्रामसभा करमही पर0 तह0 मड़ियाहू जरिए प्रधान, 11-सरकार उ0प्र0 जरिए कलेक्टर जौनपुर।

बावजह हो कि .... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 06 माह 5 सन् 2025 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक माह सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

अदालती नोटिस

हेतु संदर्भित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सी.आर.ओ. महोदय जनपद जौनपुर।
D202314360001859/2023
धारा 30 रा0 सं0 अधि0
कैलाशनाथ बनाम उ0प्र0 सरकार
ता.पेशी 08.05.2025 आपत्ति/निस्तारण

बनाम 1-उ0प्र0 सरकार जरिए कलेक्टर जौनपुर, 2-गाँव सभा भू0 प्रबन्धक स0 जरिए प्रधान विशेषरपुर, 3-सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार, 4-रामजीत, 5-अमरजीत पुत्रगण सीताराम, 6- बबना देवी पत्नी सभाजीत, 7-कमलेश, 8-रमेश, 9-सुरेश पुत्रगण सभाजीत, 10-दुर्गावती पत्नी कैलाशनाथ साकिनान मौजा विशेषरपुर पर0 करियातदोस्त तह0 सदर जिला जौनपुर।

चूँकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन हेतु संदर्भित करने के लिए 2025 के 05 के 08 दिवस आपत्ति व निस्तारण बवक्त 10 सुबह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदृष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा, अवधरित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20............के...........के.........दिवस को निकाली गई। -न्यायालय

अदालती सम्मन

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायलय अतिरिक्त उपजिलाधिकारी द्वितीय जौनपुर
वाद सं. सन् 2019 ई0
धारा 144/116 उ0प्र0रा0सं0 2006
महेन्द्र आदि बनाम सरकार
ता.पेशी-05.05.2025 जवाब/तनकीह

बनाम- 1-राज्य सरकार उ0प्र0 वजरिए कलेक्टर साहब जौनपुर, 2-नगर पालिका परिषद जौनपुर वजरिए अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका जौनपुर, 3-प्रेमचंद्र, 4-हरिशचंद पुत्रगण रामधनी, 5-उग्रसेन, 6-चंद्रसेन, 7-इन्द्रसेन पुत्रगण स्वामीनाथ, 8-मुकेश पुत्र जवाहिर, 9-प्रहलाद पुत्र श्रीनाथ, 10-रामनाथ पुत्र रामलखन, 11-रामबली, 12-फुन्नीलाल पुत्रगण महादेव, 13-छोटेलाल पुत्र चानिका, 14- हीरालाल पुत्र भवानी, 15- रामजतन पुत्र रामनिरंजन सा0 मौ0 कटघरा देहात पर0 हवेली तह0 सदर जौनपुर।

बावजह हो कि .... आपके नाम एक नालिश बाबत दाखिल हुआ है। लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता/ वकील हाजिर होकर कुछ उज्र हो आज तारीख 05 माह 05 सन् 2025 ई0 बवक्त 10.00 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता/ वकील अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करें वरना आपके खिलाफ एकतरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा।

वसिका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत है आज दिनांक ... माह .. सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। -न्यायालय

ट्रैक्टर की चपेट में आने से पूर्व प्रधान की मौत

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के असैथापट्टी गांव के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से पूर्व महिला ग्राम प्रधान की मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह की है जब थाना क्षेत्र के अतरडीहा गांव की पूर्व प्रधान सीतापति (50) पत्नी श्याम अवध अपने भतीजे के साथ अम्बेडकर नगर जनपद अन्तर्गत जलालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव स्थित अपने मायके से घर आ रही थी। बताया जाता है कि उक्त स्थान पर सामने से ईंट लादकर आ रहे ट्रैक्टर से बाइक की टक्कर होने से वह नीचे गिर गई, जबकि बाइक चला रहा भतीजा नगेन्द्र सड़क के किनारे जा गिरा।

ट्रैक्टर के नीचे आ जाने से पूर्व प्रधान सीतापति की घटनास्थल पर हीं दर्दनाक मौत हो गई जबकि भतीजा मामूली रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते हीं परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पूर्व प्रधान की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ पड़ी। पुलिस ने मृतका के पुत्र की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर शव को अन्त्यपरीक्षण हेतु भेज दिया। थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया है, मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

घर से नगदी व जेवर समेत आठ लाख की चोरी

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जरौना गांव में चोरों ने एक घर में छत के रास्ते घुस कर नगदी समेत आठ लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गांव में अप्रैल माह में तीन चोरियां हुई हैं, लेकिन अभी किसी का खुलासा नहीं हुआ है। जरौना गांव में दिनेश कुमार मौर्य का परिवार रोज की भांति खा पीकर सो गया। रात में छत के रास्ते दो चोर घर में घुसे और सभी अलमारी तोड़ दिए यहां तक कई अटैची बाहर लेकर गये, और उसमें रखा 50 हजार से अधिक नगदी और महिलाओं का सोने चांदी के करीब आठ लाख की जेवर कपड़े मोबाइल उठा लें गये। हालांकि जाते वक्त घर की एक महिला सदस्य जाग उठी और वह चिल्लाई, लोग दौड़े लेकिन तब तक सब कुछ लेकर फरार हो चुके थे। लोगों ने उसके बाद घर के अंदर जाकर देखा तो सभी अलमारी के दरवाजे और अटैची बक्से तोड़े गए थे। जिसमें सोने चांदी के जेवर और नगदी गायब थे। घर के सदस्य मोबाइल ले गए थे। सूचना पर पुलिस पहुंची काफी संख्या में लोग जुटे पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। सुबह दस बजे घर से दूर मुसहर बस्ती के पास ककड़ी के खेत में मोबाइल मिल गई। पुलिस ने सूत्रों के निशानदेही पर दो लोगों को हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ में जुटी है।

एम्बुलेंस में अधेड़ ने तोड़ा दम

जौनपुर। स्थानीय जंक्शन आरक्षण केंद्र के बाहर काफ़ी समय से अचेता अवस्था मे पड़े अज्ञात वृद्ध ने एम्बुलेंस मे लिटाते ही तोड़ा दम। जिसकी स्थानीय लोगों में काफ़ी चर्चा हो रही है। बताया जाता है की शनिवार सुबह जौनपुर जंक्शन आरक्षण केंद्र के बाहर अज्ञात वृद्ध उम्र लगभग 52 वर्ष अचेता अवस्था मे पड़ा था। 108 नंबर एम्बुलेंस कण्ट्रोरल को दूरभाष के माध्यम से सुचना दिया गया तो कण्ट्रोरल के आदेश पर फायर स्टेशन सर्किल मे खड़ी 108 एम्बुलेंस कर्मचारी ईएमटी दीपक यादव एम्बुलेंस लेकर आरक्षण केंद्र पहुंच कर अचेत पड़े अज्ञात अधेड़ उजचार हेतु जिला अस्पताल पहुंचाने के लिए जैसे ही एम्बुलेंस मे लिटाया उसके प्राण पखेरु उड़ गए। सूचना पाकर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे मे लिया और नियमा अनुसार 72 घंटे के लिए जिला अस्पताल लाश घर मे रखवाकर मृतक की पहचान हेतु जुटी हुई है।

गोमती नदी के छह खण्डों की नीलामी स्थगित

जौनपुर। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य शाहिद जमाल ने अवगत कराया है कि दो मई को अपराह्न 12:00 बजे से 4:00 बजे तक गोमती नदी के 06 खण्डों की नीलामी प्रस्तावित थी। नीलामी प्रक्रिया प्रारम्भ होने के कुछ समय पूर्व मंत्री मत्स्य के पत्र में संज्ञानित कराया गया कि नदी के आस-पास रहने वाले स्थानीय लोगों द्वारा मत्स्य आखेट हेतु नदी नीलामी रोकने की मांग की जा रही है, चुंकि गोमती नदी के आस-पास रहने वाले लोगों के लिए नदी मॉ के समान पुजनीय व आजीविका का मुख्य साधन है तथा लोग भावनात्मक रूप से जुड़े है, जिससे नदी की नीलामी होने से लोगों की भावनाएं बहुत आहत हुई है व लोगों में रोष है। यह भी अवगत कराय गया कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार धार्मिक स्थलों पर इस प्रकार के ठेके, पट्टे अथवा नीलामी नहीं की जायेगी। जिसके कारण जनपद जौनपुर के सदर तहसील में छह खण्डों में मत्स्य आखेट हेतु गोमती नदी की नीलामी उपजिलाधिकारी सदर की जांच आख्या प्राप्त होने तक नदी नीलामी स्थगित की जाती है।

दोना मेकिंग मशीन का कराया जायेगा वितरण

जौनपुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी वीके सिंह ने अवगत कराया है कि खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए भूर्जी समाज के लोगों को पापकार्न मेकिंग मशीन एवं दोनों पत्तल बनाने वाले परम्परागत एवं स्वरोजगार में रूचि रखने वाले अन्य कारीगरों को उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाने व आत्मनिर्भर बनाने हेतु पापकार्न मेकिंग मशीन एवं मोटराइज्ड दोना मेंकिग मशीन का नि:शुल्क वितरण किये जाने हेतु जनपद को विभाग से 10-10 अद्द का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर किया जा सकता है। आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त मुख्यालय द्वारा गठित कमेटी के माध्यम से चयन किया जायेगा। चयनित लाभार्थियों/व्यक्तियों को इस योजना के अन्तर्गत पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन एवं दोना मेकिंग मशीन का वितरण कराया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, शिक्षा प्रमाण पत्र, राशन कार्ड/ परिवार आईडी, आयु सीमा-18 वर्ष से 50 वर्ष के मध्य हो। (आनलाइन आवेदन की हार्ड कापी) समस्त प्रमाण पत्रां सहित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मतापुर में 20 मई तक जमा किया जा सकता है।

शिक्षक के निधन पर साथियों में शोक की लहर

मछलीशहर। स्थानीय विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय बामी में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत प्रमोद कुमार का लम्बी बीमारी के बाद शनिवार की सुबह निधन हो गया। उनकी मृत्यु का समाचार सुनते ही शिक्षकों में शोक की लहर फैल गई। कम्पोजिट विद्यालय बामी में शिक्षकों और बच्चों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। प्रमोद कुमार करीब एक वर्ष से कैंसर से पीड़ित चल रहे थे। जनपद के शिक्षकों ने उनके इलाज में आर्थिक सहयोग भी किया था। कम्पोजिट विद्यालय बामी में वह वर्ष 2013 से सहायक अध्यापक पद पर निरन्तर कार्यरत थे।वह वाराणसी जनपद के हरहुआ विकास खंड के भटौली गांव के निवासी थे। प्रभारी प्रधानाध्यापक ज्योति भूषण सिंह ने बताया कि वह बहुत ही कुशल अध्यापक थे। बच्चे उनसे बहुत लगाव रखते थे। बच्चों को उम्मीद थी कि वह स्वस्थ हो जायेंगे, लेकिन शनिवार को जब यह दु:खद समाचार बच्चों ने सुना तो उनकी आंखों में आसूं छलक पड़े।

जफराबाद रेलवे स्टेशन पर पानी के लिये तरस रहें यात्री

जौनपुर। जफराबाद जंक्शन एक गंभीर समस्या को उजागर करती है, जहां यात्रियों को भीषण गर्मी में पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधा तक नहीं मिल पा रही है। पेयजल व्यवस्था की कमी: रेलवे स्टेशन पर ओवरहेड टंकी और टोटियों की व्यवस्था तो है, लेकिन वे कार्यरत नहीं हैं, जिससे यात्रियों को पीने का पानी नहीं मिल पाता। महंगे पानी की मजबूरी: मजबूरी में यात्री फर्जी वेंडरों से महंगे दामों में पानी खरीदने को विवश हैं, जिससे गरीब यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। प्रशासन की अनदेखी के चलते जीआरपी और आरपीएफ की मिलीभगत की बात सामने आती है, क्योंकि शिकायत के बावजूद इन वेंडरों पर कोई कार्यवाही नहीं होती। स्थानीय लोग कभी-कभार शिकायत करते हैं, लेकिन बाहरी यात्री अपनी समस्याएं दर्ज नहीं करवा पाते। विशेष रूप से गोदान एक्सप्रेस: इस ट्रेन के यात्रियों को फर्जी वेंडरों से सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

लेखाकार को दी गयी भावभीनी विदाई

जौनपुर। विकास खंड जलालपुर में कार्यरत शकील अहमद अंसारी लेखाकार के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में जलालपुर ब्लॉक प्रमुख सहित समस्त कर्मचारियों ने विदाई समारोह रखा। यह कार्यक्रम ब्लॉक के सभागार में हुआ जहां मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष सुभासपा एवं खंड विकास अधिकारी जगदीश कुमार मौजूद रहे। लेखाकार शकील को माल्यार्पण करके स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में समस्त कर्मचारीगण उपहार के साथ माल्यार्पण किये एवं लोगों को संबोधित भी किये। इस अवसर पर लखनऊ से आये अंकित सिंह बेदी, अमित सिंह प्रभारी एडीओ पंचायत, एडीओ आईएसबी रंजीत कुमार, एडीओ एसटी, ग्राम विकास अधिकारीगण प्रदीप सिंह प्रदेश अध्यक्ष, अनिल यादव, कौशलेश, राहुल मौर्य, संजीव कुमार, अविनाश सिंह, सिंहासन प्रसाद, विवेकानन्द, कालेश्वर मौर्य, मुलायम यादव, दिनेश राजभर, अश्विनी पटेल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

एनएच-135 पर जानलेवा गड्ढे बने दुर्घटना के कारण

जौनपुर। भदोही को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-135 वर्षों से निर्माणाधीन है लेकिन इसकी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। विशेषकर रामदयालगंज बाजार से लेकर सई नदी पुल तक का करीब एक किलोमीटर का मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इस मार्ग को देखकर कोई नहीं कह सकता कि यह एक राष्ट्रीय राजमार्ग है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी हुई परत और उड़ती धूल इसकी भयावह स्थिति को बयान करती है। बता दें कि हर दिन इस मार्ग से हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं लेकिन सड़क की खस्ता हालत के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह मार्ग दुर्घटनाओं का अड्डा बन चुका है। गड्ढों से बचने के चक्कर में वाहन आपस में टकरा जाते हैं या असंतुलित होकर पलट जाते हैं जिससे जान-माल की हानि हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन और लोक निर्माण विभाग को शिकायत दी जा चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बाजार क्षेत्र में धूल की मोटी परत से दुकानदारों और राहगीरों का जीना दूभर हो गया है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के लिए यह मार्ग जीवन के लिए खतरा बन चुका है। लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग किया कि इस मार्ग की तत्काल मरम्मत करायी जाय और इसे शीघ्र पूर्ण किया जाय, ताकि लोग राहत की सांस ले सके और हादसों पर रोक लगे। साथ ही चेतावनी भी दिया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा धरना प्रदर्शन भी हो सकता है।

कांग्रेसजनों ने अध्यक्ष व महामंत्री को किया सम्मानित

जौनपुर। समाज के मूलभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अपराध के खिलाफ अधिवक्ता संघ हमेशा मजबूती के साथ लड़ता आया है। अधिवक्ता समाज देश का वह प्रहरी है जो समय-समय पर समाज में बढ़ रहे भ्रष्टाचार अपराध और सरकार की लोकतंत्र विरोधी नीतियों से लड़ता आया है। हम सबको अधिवक्ता संघ से अनुशासन और एकता का पाठ पढ़ने की जरूरत है। यह समाज न्याय के लिए जाना जाता है। अधिवक्ता एक आईना होता है जो लोगों को यह प्रदर्शित करता है कि गरीबों व मजलूमों की आवाज बनकर न्यायमूर्ति के सामने उनकी बात रखें और उनको न्याय दिलायें।

उक्त बातें कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद सिंह ने कलेक्ट्रेट बार के संघ भवन में बार अध्यक्ष घनश्याम सिंह और महामंत्री मनोज मिश्र को सम्मानित करने के बाद कही। ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी का एक डेलीगेशन कलेक्ट्रेट बार के अध्यक्ष और मंत्री से मिलकर सभी अधिवक्ता साथियों का धन्यवाद करने और भविष्य की लड़ाई में उनके साथ रहने के आश्वासन के साथ मिला। इस अवसर पर प्रदेश सचिव एडवोकेट सत्यवीर सिंह, पंकज सोनकर, राकेश सिंह डब्बू, नीरज राय, राकेश मिश्रा, विनय तिवारी, देवेंद्र मिश्रा, विनय विश्वकर्मा, राजीव निषाद, शहनवाज मंजूर, शैलेन्द्र यादव, जब्बार अली, रामसिंह बांकुरे, इकबाल अली अंसारी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

यादव महासभा के प्रदेश महासचिव का हुआ स्वागत

जौनपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश महासचिव कमलेश यादव का नईगंज, चांदपुर, गुदरीगंज, लालाबाजार, हनुमानगंज, शिवगुलामगंज और लखौवां जैसे कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश महासचिव कमलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा जातिगत जनगणना करने के सम्बंध में लिए गये निर्णय की प्रशंसा किया। जातिगत जनगणना समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिलाने में मील के पत्थर का काम करेगी। साथ ही पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा पहलगाम में मारे गये निर्दोष भारतीयों की हत्या पर निन्दा की और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी से कार्यवाही करने की मांग प्रधानमंत्री से किया। यादव महासभा की स्थापना 1924 में किया गया था ये देश का बहुत पुराना संगठन है। 100 साल से लगातार समाज के उत्थान एवं विकास के लिए काम कर रहा है। संगठन को और भी मजबूत करने के लिए ग्राम स्तर पर भी कमेटियों का गठन किया जायेगा।

लोगों को शिक्षा की ताकत और तेरही जैसी कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर राकेश यादव, धर्मेन्द्र यादव, संजय यादव, अखिलेश यादव, अनिल दीप चौधरी, अखिलेश यादव, मकरध्वज, विजय यादव, शैलेंद्र यादव, पवन, कन्हैया, प्रेम प्रकाश नाथपुर, सुनील, प्रशान्त आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

वक्फ के नाम पर भूमाफियों ने जमीनों पर किया कब्जा : पुष्पराज

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने पत्रकारों से वक्फ कानून की खूबियां बताईं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के नाम पर भूभाफियों ने जमीनों पर कब्जा किया ऐसी जमीनों पर अब सरकार मुस्लिमों के बच्चों के लिए स्कूल, कॉलेज और अस्पताल बनाएगी।

जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि वक्फ सुधार जन जागरण अभियान 2025 को देशभर में शुरू करने का उद्देश्य यह है कि इसका कुछ तत्वों के द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है कुछ लोग गुमराह करने का काम कर रहे हैं। जहां तक वक्फ का विषय है अक्सर ये नैरेटिव फैलाने का प्रयास किया जा रहा है कि ये मुसलमान समुदाय के खिलाफ है जबकि वास्तविकता और हकीकत यह है कि यह मुसलमान समुदाय के हक में ही लाया गया है। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि वक्फ का अर्थ होता है समर्पित कर देना समाज के कुछ विद्वानों का मकसद था कि जो इस समुदाय के पिछड़े लोग है उनका विकास हो। और नतीजा यह निकला कि आज भी देश में 31 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय के लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं इसके विपरीत जो वक्फ की प्रॉपर्टी है उसके 80 प्रतिशत पर कोई न कोई भ्रष्टाचार का आरोप है जबरन कब्जा करने का आरोप है कहीं कुछ एक लोगों ने वक्फ का प्रावधान का इस्तेमाल करके अपनी जायदाद और अपनी प्रॉपर्टी बड़े-बड़े मॉल और होटल बनाने का रास्ता ढूंढ लिया। लेकिन कांग्रेस इसको लेकर देश में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। दान की गई जमीन के रख रखाव के नाम पर मुतल्वी ने कब्जा कर लिया आठ लाख एकड़ से अधिक जमीन में 70 प्रतिशत से अधिक वक्फ की जमीन पर कोठी, होटल आदि बनवाकर कब्जा किया गया। मुश्लिम बस्तियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अशिक्षा अधिक है वक्फ बोर्ड में गरीब परिवारों के साथ छल हुआ सच्चर कमेटी ने भी अवैध कब्जे की बात को माना था लखनऊ में इस तरह की जमीनें बहुत हैं जिस पर वक्फ अपना दावा कर रहा है। इसी तरह वाराणसी के यूपी कॉलेज पर वक्फ द्वारा दावा किया जा रहा है, जबकि वह जमीन राज परिवार की है।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में शिथिलता नहीं होगी क्षम्य : डीएम

जौनपुर। शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र के द्वारा विगत दिनों एचडीएफसी बैंक शाखा, जेसीज चौराहा, ओलन्दगंज रोड, का औचक निरीक्षण किया गया था।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि सीएम युवा उद्यमी योजनान्तर्गत 56 आवेदन पेंडिंग हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से निस्तारण किए जाने हेतु शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया गया। इसके पश्चात भी आवेदक अमित सिंह पुत्र विरेन्द्र बहादुर सिंह पता शेखपुर कचहरी, तहसील सदर, द्वारा जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष यह शिकायत की गई कि उक्त बैंक शाखा पर प्रोसेसिंग फीस मांगी जा रही है। जबकि इस योजना में सरकार की तरफ से कोई प्रोसेसिंग चार्ज की फीस नहीं लगती है। आवेदक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि उसे एक माह तक लगातार बैंक में बुलाने के बाद भी सीएम युवा उद्यमी योजनान्तर्गत ऋण आवेदन का प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया गया। जिलाधिकारी ने उक्त विषय को तत्काल संज्ञान में लेते हुए कहा कि उनके द्वारा स्वयं शाखा निरीक्षण के दौरान निर्देशित करने और शाखा प्रबंधक द्वारा आश्वस्त करने के बावजूद भी आवेदक का प्रार्थना पत्र निरस्त कर देना, एक गंभीर विषय है। इससे युवा उद्यमी हतोत्साहित और परेशान है तथा अन्य युवा भी हतोत्साहित हो रहे हैं, जबकि जनपद में इस योजनान्तर्गत अन्य बैंको के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य किया गया है तथा जनपद का प्रदेश में प्रथम स्थान है। परन्तु एचडीएफसी बैंक द्वारा अपेक्षित प्रयास नहीं किया जा रहा है।

घर में घुसे चोर मंगलसूत्र समेत लाखों के ले उड़े आभूषण

गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मनिहा गोविंदपुर गांव में हुई घटना

जौनपुर। जिले में चोरी की वारदात निरंतर बढ़ती जा रही है। लेकिन पुलिस एक भी घटना का खुलासा नहीं कर पा रही है। मामले की जांच पड़ताल के नाम पर पुलिस घटना को महीनों दबाए रहती है। जब दूसरी वारदात फिर हो जाती है तब पुलिस की नींद टूटती है।

गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मनिहा गोविंदपुर गांव में शुक्रवार की रात एक और भीषण चोरी की घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। बताते हैं कि घर में सोई हुई विवाहिता को छत के रास्ते घुसे चोरों ने कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर चोरी को बड़े ही आराम तलब तरीके से घटना को अंजाम दिया। चोरों ने सोई हुई विवाहिता के गले का मंगलसूत्र भी निकाल लिया। जानकारी के अनुसार मनिहा गोविंदपुर गांव निवासी आनंद दुबे कर्मकांड का कार्य कर जीवन यापन करते हैं। शुक्रवार की रात वह घर के बाहर सीमेंट शेड में सोए हुए थे। घर के अंदर उनकी पत्नी नीतू दुबे अपने 5 वर्षीय पुत्र के साथ सोई हुई थी। रात किसी समय छत के रास्ते घुसे हुए चोरों ने नीतू दुबे को कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया तथा आलमारी तोड़कर उसमें रखा एक सोने का हार, एक सोने की अंगूठी, एक सोने की नथिया, एक जोड़ी पायल तथा नीतू के गले का मंगलसूत्र निकाल लिया। आलमारी में रखे हुए पच्चीस हजार रुपए भी चोरों ने निकाल लिया। वही बगल में चार सूटकेस में भर कर रखा एक लाख से अधिक कीमत का ब्रांडेड कीमती कपड़ा, सामान व जेवरात उठा ले गए। हद तो तब हो गई जब चोर जाते-जाते पंडित जी का शंख भी उठा ले गए। सुबह आनंद दुबे उठकर लगभग पांच बजे पत्नी को जगाने के लिए दरवाजा पीटा। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर पत्नी के मोबाइल पर फोन किया तो बेटे ने उठाया। पांच वर्षीय बेटे ने किसी तरह से मां को जगाया तब जाकर नीतू ने दरवाजा खोला। घटना की सूचना पाकर गौराबादशाहपुर थाने के पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा सूचना पर पहुंची फोरेंसिक विभाग की टीम भी काफी देर तक छानबीन करती रही। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर छानबीन की जा रही है।

चोरी की बढ़ती वारदातें पुलिस पर सवाल

जौनपुर। नगर पंचायत गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र बड़ा व्यावसायिक संपन्न इलाका माना जाता है। यहां पर कई ब्रांडेड कंपनियों के नामी गिरामी शोरूम, ज्वेलरी की दो दर्जन से अधिक दुकानें, इतने ही स्कूल कॉलेज बड़े मॉल स्थित है लेकिन इन सभी प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के नाम पर पुलिस की न तो कभी कोई रात्रि गश्त दिखती है। न ही पुलिस का पिकेट ही दिन में लगता है। यू कहे की पूरी सुरक्षा व्यवस्था बस भगवान भरोसे है। पिछले 6 महीने के अंदर गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र में चोरी की छोटी बड़ी घटनाएं घटित हो चुकी है। लेकिन पुलिस एक भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी। मनिहा गोविंदपुर गांव निवासी आनंद दुबे के घर बीती रात हुई कई लाख की चोरी से पुलिस की कार्य प्रणाली पर एक बार फिर सवालिया निशान उठने लगे हैं। लोगबाग यह जानना चाहते हैं कि आखिर चोरी की घटनाओं पर लगाम कब लगेगा।

पुलिस कांस्टेबल के आतंक से पट्टीदार परेशान

आबादी की जमीन पर जबरिया कब्जा करने का आरोप

जौनपुर। जिले में खाकी का खौ़फ पूरे चरम पर बोल रहा है। चाहे पट्टीदारों को डरा धमका कर उनकी जमीन कब्जा करने का हो अथवा अवैध वसूली का। ताजा मामला जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर (आनंदपुर) गांव का बताया जाता है। यहां उक्त गांव निवासी पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर तैनात एक दबंग सिपाही के खौफ से उसके पट्टीदार सहमे हुए हैं। उक्त गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपने पट्टीदारों पर उसके आबादी की जमीन पर कब्जा करने और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर काम को रुकवा दिया, दोनों पक्ष को थाने बुलाया है।

ऊक्त गांव निवासी सुबाष मौर्य पुत्र स्वर्गीय मुंशीराम मौर्य ने आरोप लगाया हैं कि उसके आबादी की पैतृक बंटवारे की जमीन पर उसके सभी पट्टीदार काबिज है। उसके एक पट्टीदार जो कि पुलिस में सिपाही पद पर तैनात है। जबरदस्ती मेरी जमीन को घेर रहा था। मना करने पर वे सभी मारपीट करने लगे। घटना की सूचना देने पर यूपी डायल 112 पुलिस आ गयी। पुलिस के आने के बाद कार्य रुका। इस बारे में थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही काम रुकवा दिया गया है। दोनों पक्षों को थाने बुलवाया गया है। मामले में उचित कार्यवाही की जाएगी। इस पूरे मामले में जफराबाद पुलिस की लचर कार्य प्रणाली से नाराज पीड़ित परिवार शनिवार को पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ से उनके कार्यालय में मिला।

किशोर अपहरण के मामले में दो सगे भाई गिरफ्तार

पीड़ित पक्ष की बेटी का फोटो मोबाइल डीपी पर लगाने से हुआ बवाल

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के एक कोचिंग सेंटर में पढ़ कर लौट रहे 17 वर्षीय एक किशोर को आधा दर्जन बाइक सवारों द्वारा उठा ले जाने की खबर से पुलिस महकमें में जबरदस्त हड़कम्प मच गयी। आनन-फानन में सीओ सिटी देवेश सिंह अन्य पुलिस अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच कर अपहरण के इस बहुचर्चित मामले की छानबीन में जुट गए। देर रात को ही पुलिस ने घटना में शामिल दो सगे भाइयों समेत किशोर को बरामद कर घटना का खुलासा कर दिया।

पुलिस का कहना है कि इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ एससी एसटी समेत अन्य गंभीर धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के मिसिरपुर गांव निवासी अरुण कुमार पुत्र ज्ञान कुमार कस्बा के एक कॉलेज में पढ़ता है। वह देर शाम को कस्बा स्थित एक कोचिंग संस्थान में पढ़ने गया था। कोचिंग के बाद जब वह घर जा रहा था तो समोपुर गांव के कुछ लोग बाइक से पहुंच गए और अरुण को जबरदस्ती बाइक पर बैठा कर अपने घर समोपुर ले गए। वहां पर उन लोगों ने अरुण कुमार को मारा पीटा। घटना की जानकारी छात्र के पिता ज्ञानप्रकाश को मिली। जो फास्ट कोर्ट के जज के ऑफिस में चतुर्थ श्रेणी के पद पर कार्यरत है। उसने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। इसके तत्काल बाद पुलिस हरकत में आई और समोपुर गांव पहुंच गयी। जहा से छात्र को छुड़ाते हुये आरोपी जयप्रकाश चौहान, अवनीश चौहान पुत्रगण श्याम बहादुर चौहान को गिरफ्तार कर लिया। घटना स्थल पर सीओ सिटी देवेश सिंह अन्य पुलिस अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच कर अपहरण के इस बहुचर्चित मामले में छानबीन में जुट गए। शनिवार की सुबह पुलिस ने जयप्रकाश चौहान व अवनीश चौहान के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया।

अरुण के खिलाफ पहले भी हुई थी शिकायत

जौनपुर। अरुण के पिता ने पांच लोगों के विरुद्ध तहरीर दिया है। पुलिस ने आरोपियों पर अपहरण तथा एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। लेकिन इस पूरे मामले में अरुण की कार्य शैली भी चर्चा का विषय बनी हुई है। कोचिंग में पढ़ने वाला यह युवक पीड़ित पक्ष की बेटी की फोटो अपने मोबाइल की डीपी पर लगाने के साथ ही कोचिंग में आने वाले अन्य दोस्तों को रोज दिखाता था। लड़की को जब इस मामले की जानकारी हुई तो उसने अपने परिजन से शिकायत किया। परिजन युवक को कई बार समझाएं लेकिन वह नहीं माना। उधर उसके पिता का फास्ट ट्रैक कोर्ट के एक न्यायाधीश के यहां काम करने के चलते पुलिस भी तत्काल हरकत में आ गई।

अपहरण के इस मामले का पुलिस ने भले ही त्वरित गति से खुलासा कर दिया। लेकिन इस घटना के पीछे अरुण कुमार द्वारा अपहरण करने वाले परिवार की बेटी का फोटो मोबाइल डीपी पर लगाने को मुख्य वजह बताई जा रही है। सीओ सिटी ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। वहां से बंधक बनाए गए छात्र को छुड़वाया। दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। बाकी आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई है।

पुलिस सहायता बूथ बनने से क्राइम कंट्रोल में मिलेगी मदद

पुलिस बूथ का उद्घाटन करते एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव

जौनपुर। जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगीबीर बाबा मंदिर व जफराबाद बाईपास तिराहे पर नवनिर्मित पुलिस सहायता बूथ का शनिवार की देर शाम को एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव आईपीएस व सीओ सिटी देवेश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि इस पुलिस बूथ के बनने से क्राइम कंट्रोल में पुलिस को मदद मिलेगी। जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए यहां जिम्मेदार पुलिस अधिकारी बैठाए जाएंगे। एसपी सिटी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देश पर जनपद में पुलिस बूथ बनाये जा रहे हैं। इस बूथ के बनने से क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर लगातार नजर बनी रहेगी। इससे अपराध खत्म होगा। आम जनता को काफी सहूलियत मिलेगी। थाने की दूरी बूथ बनने से खत्म होगी। सीओ सिटी देवेश सिंह ने कहा कि इन बूथों पर पुलिस की टीम मौजूद रहेगी। इससे लोगों को काफी फायदा मिलेगा। थाना प्रभारी जयप्रकाश यादव ने कहा कि बूथ पर खासकर रात को पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे। इसके चलते रात में आने जाने वाले लोग निडर रहेंगे। अपराधियों में डर रहेगा। इस मौके पर हल्का प्रभारी एस आई, चौकी प्रभारी मनोज राय, रमेश चन्द्र जायसवाल, शशिकांत पाठक, चेयरमैन जफराबाद के प्रतिनिधि डा. सरफराज खान, प्रवीन सिंह, उमेश मिश्रा पत्रकार, राजेश सिंह पुल्लु, अमूल्य सिंह, जमाल हाशमी, अजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

मछलीशहर। स्थानीय तहसील के सभागार मे जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जन शिकायतों के निस्तारण के क्रम में ग्राम रामपुर कला की निवासी सावित्री देवी द्वारा खतौनी में गलत नाम दर्ज होने पर शिकायत दर्ज करायी गयी। जिसपर जिलाधिकारी द्वारा लेखपाल को निर्देशित किया कि तत्काल खतौनी में नाम संशोधन कराते हुए अवगत कराये, जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में खतौनी में संशोधन करते हुए खतौनी उपलब्ध करा दी गयी।

जिलाधिकारी के समक्ष निकामुद्दीनपुर निवासी कार्तिक पुत्र लालता प्रसाद ने प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत लोन देने में देरी की जा रही है जिस पर जिलाधिकारी के द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए एसबीआई शाखा मछलीशहर के प्रबन्धक को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि 02 दिन के भीतर सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए लोन देना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में एफआईआर दर्ज करायी जाएगी। जिलाधिकारी के समक्ष ग्राम सलारपुर निवासी लल्लन पुत्र मोहन ने अवगत कराया कि उनकी पट्टा की जमीन को गलत तरीके से दूसरे को वरासत कर दी गयी है जिस पर जिलाधिकारी ने कानूनगो और लेखपाल को निर्देशित किया कि आज ही गांव में जाये, रात्रि विश्राम गांव में ही करें और पंचायत भवन में खुली बैठक कराते हूए पूरी तस्दीक कर प्रकरण का निस्तारण कर अवगत करायें।

समाधान दिवस पर शिकायतों का निस्तारण करते डीएम।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील के समस्त लेखपालों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता की छोटी-छोटी समस्याएं जिनका तत्काल निस्तारण किया जा सकता है उसके लिए किसी व्यक्ति को परेशान न किया जाये। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है अत: इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या उदासीनता अक्षम्य होगी। सम्पूर्ण समाधान दिवसा में कुल 253 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें पांच प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्तान्तरित करते हुए जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पंचायत भवन से हुई हजारों की चोरी

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के भगासा गांव स्थित पंचायत भवन से हजारों की सम्पत्ति चोरी होने की घटना प्रकाश में आई है। मामले में ग्राम प्रधान राम प्रकाश दूबे द्वारा थाने पर लिखित तहरीर दी गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान को शनिवार की सुबह पंचायत भवन का दरवाजा खुला होने की सूचना प्राप्त हुई। ग्राम प्रधान पंचायत भवन पहुंचकर अन्दर देखे तो इन्वर्टर, बैटरी, कुर्सी आदि हजारों की सम्पत्ति का सामान चोरी हो गया था। ग्राम प्रधान ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। चोरी की घटना से लोगों में काफी आक्रोश है। इस बाबत पूछे जाने पर थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि घटना संज्ञान में नहीं है। जानकारी प्राप्त कर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

एक राष्ट्र, एक चुनाव सशक्त भारत की ओर एक कदम : स्वतंत्र देव सिंह

जंघई। बृज कुंज गेस्ट हाउस जंघई, प्रतापपुर विधानसभा में युवा परिचर्चा आयोजित वन नेशन, वन इलेक्शन संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, गंगापार जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान एवं कार्यक्रम संयोजक इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नवीन सिंह पटेल द्वारा आयोजित एक राष्ट्र- एक चुनाव विषयक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव न केवल संसाधनों की बचत करेगा, बल्कि नीति निर्माण और सुशासन को भी अधिक प्रभावी बनाएगा और यह प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत वर्ष में एक साथ सभी चुनाव संपन्न होंगे तो समय और संसाधनों की बचत होगी और नीति निर्माण और सुशासन को भी अधिक प्रभावी बनाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा गंगापार निर्मला पासवान ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र को एकसूत्र में पिरोने का संकल्प है। यह अभियान भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मज़बूत करने, समय व संसाधनों की बचत करने, और विकास कार्यों में गति लाने के लिए एक ऐतिहासिक पहल है। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी इंजीनियर घनश्याम पांडेय ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा जनप्रतिनिधियों एवं उर्जावान कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने इस अभियान को नई ताक़त दी है हम सबका संकल्प है एक सशक्त, संगठित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र अमरनाथ यादव, हरिभूषण सिंह, रामलोलारख सिंह, रामधारी सरोज मंडल अध्यक्ष, संदीप गुप्ता उर्फ तोगड़िया, सूबेदार गुप्ता, मनोज दुबे, आशुतोष पांडेय, अरविंद विश्वकर्मा, प्रदीप बिंद, धर्मेंद्र पटेल, ब्रह्मचारी जायसवाल, सभाजीत मिश्रा, कमलेश मौर्य, समरजीत मौर्य, आशुतोष त्रिपाठी, कमला प्रसाद पाण्डेय, साहेब लाल, त्रिभुवन गौड़, प्रशांत, रमेश केसरवानी, दीपक केसरवानी, आशीष मिश्र,प्रमोद अजीत मिश्र रिंकू, विकास यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

मदरसा की परीक्षा 19 से

जौनपुर। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि निदेशक मदरसा वोकेशनल ट्रेनिंग, 704 जवाहर भवन लखनऊ द्वारा संचालित मदरसा वोकेशनल ट्रेनिंग की परीक्षा वर्ष 2023 की परीक्षायें 19 मई एवं 20 मई को प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में सम्पन्न होनी है। जिसके क्रम में परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र मदरसा पोर्टल पर सम्बन्धित मदरसों के लॉग इन पर एवं उपस्थिति शीट तथा डेस्क स्लिप उपलब्ध करा दिये गये है, जो पांच मई से डाउनलोड किया जा सकेगा।

गहनता से हो जाँच

भुवनेश्वर के कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नॉलजी (KIIT) में ढाई महीने के भीतर एक और नेपाली छात्रा की मौत होना केवल इस प्राइवेट यूनिवर्सिटी की छवि पर धक्का नहीं है- इससे भारत के विदेशी स्टूडेंट्स को आकर्षित करने के प्रयासों पर भी चोट पहुंची है। ओडिशा पुलिस ने मामला आत्महत्या का बताया है, लेकिन फिर भी केस की गहराई से छानबीन होनी चाहिए। विश्वविद्यालय प्रशासन को इस बार उन गलतियों से बचना होगा, जो फरवरी में हुई थीं। 18 साल की छात्रा बीटेक कंप्यूटर साइंस की फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी और उसका शव हॉस्टल रूम में मिला। इससे पहले 16 फरवरी को बीटेक थर्ड ईयर की एक नेपाली स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली थी और उसमें एक छात्र पर प्रताड़ित करने का आरोप लगा था।

लेकिन असली दिक्कत हुई विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही से और इसने भारत-नेपाल के बीच कूटनीतिक संकट की स्थिति ला दी थी। तब नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली तक को छात्रा के लिए न्याय की मांग करनी पड़ी थी और इसके बाद कुछ सख्त कदम उठाए गए थे। इस बार ओडिशा सरकार और यूनिवर्सिटी, दोनों पर जिम्मेदारी है कि वैसी नौबत न आए। भारत सरकार ने 2018 में स्टडी इन इंडिया (SII) प्रोग्राम शुरू किया, जिसका मकसद है विदेशी स्टूडेंट्स को भारत बुलाना। अब विदेशी छात्र किसी देश में इस भरोसे के साथ जाते हैं कि वहां उन्हें समानता और सुरक्षा के साथ बेहतर शिक्षा हासिल करने का मौका मिलेगा। लेकिन जब एक ही संस्थान में इस तरह की दो घटनाएं हो जाएं, तो भरोसा टूटता है। KIIT का नकारात्मक असर बाकी जगहों पर न पड़े, इसका ख्याल रखना होगा।

अंतरराष्ट्रीय छात्रों को लुभाने के मामले में भारत वैसे भी बहुत पीछे है। 2021-22 में कुल 46,878 विदेशी स्टूडेंट्स ने ही भारत में एडमिशन के लिए अप्लाई किया था। इसमें सबसे ज्यादा करीब 28% स्टूडेंट्स नेपाल से आए थे। पिछले बरसों के मुकाबले यह आंकड़ा बेहतर जरूर हुआ है, लेकिन दुनिया के टॉप एजुकेशन डेस्टिनेशन की तुलना में कुछ भी नहीं। 2024 में अमेरिका में लगभग 11.26, कनाडा में 8.42 और ब्रिटेन में 7.58 लाख विदेशी स्टूडेंट्स पहुंचे थे। केवल भारत से ही 2024 में 13.35 लाख छात्र पढ़ने के लिए बाहर निकले थे। इन आंकड़ों को सुधारने के लिए देश को शैक्षणिक संस्थाओं के माहौल पर भी ध्यान देना होगा। UGC की गाइडलाइंस कहती हैं कि सभी शैक्षणिक संस्थान में ऐसी कमेटी होनी चाहिए, जो स्टूडेंट्स की विभिन्न समस्याओं को समझे और उनका निवारण कर सकें। जिन कैंपस में विदेशी स्टूडेंट्स हैं, वहां इन कमेटी की जरूरत और बढ़ जाती है।

...आज का दिन...

मेष- स्वास्थ्य में शिथिलता, व्यक्ति विशेष से हानि की सम्भावना, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, भौतिक सुख सुविधा में कमी, दाम्पत्य जीवन में तनाव।

वृषभ- स्वविवेक से लिया गया निर्णय व किया गया कार्य हितकर, अधिकारियों से आशानुकूल सहयोग, वाद-विवाद का समापन, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मिथुन- कार्य व्यवसाय में उन्नति हेतु सुपरिचितों से विचार-विमर्श, अधूरी योजना साकार, बकाए धन की प्राप्ति, आपसी सम्बन्धों में सुधार, यात्रा सुखद।

कर्क- भाग्योन्नति हेतु नवीन आयाम, नवयोजना का श्रीगणेश, दूसरों के आश्वासन से मानसिक राहत, परोपकार की भावना जागृत, पूँजी का प्रतिफल प्राप्त।

सिंह- अभिलाषा की पूर्ति में व्यवधान, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, प्रतियोगिता में असफलता, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याओं से अशांति।

कन्या- भाग्य उन्नति में सहायक, कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, जटिल समस्या का संतोषजनक समाधान, दाम्पत्य जीवन मधुर, यात्रा आशाजनक।

तुला- व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति की दिशा में प्रयास, राजनैतिक कृत्यों की ओर रुचि, आकस्मिक लाभ का सिलसिला, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, मन प्रसन्न।

वृश्चिक- समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, भौतिक सुख।

धनु- व्यापारिक पक्ष में निराशा, धन का अभाव, किसी मुद्दे पर तनाव, दूसरों की गलत-फहमी के शिकार, पारिवारिक उलझनें, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका।

मकर- कार्य व्यवसाय में विस्तार हेतु नवयोजना की शुरुआत, व्यक्तिगत समस्या का संतोषजनक समाधान, शुभ भावनाओं का उदय, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

कुम्भ- व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि, अध्यावसाय की ओर रुझान, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।

मीन- आर्थिक व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, कठिनाइयों का निवारण, उच्चाधिकारियों से लाभ, दाम्पत्य जीवन मधुर, सम्भावित यात्रा सुखद।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

आठ महीने में 15 सीसी कैमरे खंगाले, फिर भी नहीं दिखे हत्यारे

चंदौली। दासी पुलिस चौकी के पास आठ माह पूर्व हुई बाइक मिस्त्री की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ अभी तक खाली है। पुलिस अभी तक अपराधियों नहीं ढूंढ पाई है। में मुगलसराय कोतवाली पुलिस और क्राइम ब्रांच के अधिकारी सीसी कैमरे खंगाल रहे। अभी तक बदमाशों का सुराग नहीं मिला है। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के चंदासी पुलिस चौकी क्षेत्र का रहने वाला ओमप्रकाश गुप्ता (45) रविनगर में अपनी दुकान चलाता था। पेशे से वह बाइक मिस्त्री था। 10 अगस्त 2024 की रात दुकान बंद कर वह बाइक से घर जा रहा था। इसी बीच चंदासी पुलिस चौकी के सामने अचानक किसी ने चलती बाइक पर उसे गोली मार दी। गोली उसके गर्दन में पीछे की तरफ लगी। कुछ दूर जाकर वह बाइक से नीच गिर गया। स्थानीय लोग उसे ट्रॉमा सेंटर ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुरू में पुलिस सड़क दुर्घटना मानकर जांच कर रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस को जब यह जानकारी हुई कि बाइक मिस्त्री की मौत गोली लगने से हुई तो अवाक हो गई।

न्याय और सुरक्षा की दरकार में भारतीय समाज

वैश्वीकरण के इस दौर में स्वस्थ समाज,सुखी समाज और सुरक्षित समाज ये तीन अति महत्वपूर्ण सामाजिक आवश्यकता है,उक्त दो सुखी और स्वस्थ हेतु व्यक्ति काफी कुछ स्वयं कर सकता है, और करता भी है,परन्तु सुरक्षित समाज का कमोवेश दायित्व राज्य का होता है,यह व्यवस्था आदि काल से चलती आ रही है,इस तथ्य के मद्दे नजर जब हम अपने देश को देखें जहां आबादी 145 करोड़ की हो चुकी है तो हमे काफी निराशा हाथ लगेगी या कह सकते हैं बहुत बड़े सुधार की आवश्यकता है,ताकि आमजन को भी इंसाफ मिल सके और समाज मे विधि व्यवस्था बनी रहे। अंतत: न्यायपालिका ही सत असत का विचार करती है,इसलियर न्याय व्यवस्था एक सुव्यवस्थित और स्वस्थ समाज की प्राथमिक आवश्यकता है,इस पर आंकड़े देखें तो पाएंगे कि यहां बहुत बड़ी कमी है, अभी हाल में ही इंडिया जस्टिस रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत जैसे देश मे राष्ट्रीय विधि आयोग की सिफारिश के अनुसार प्रति दस लाख की आबादी पर पचास जज चाहिए,और हैं मात्र 15 अर्थात् एक तिहाई से कम परिणाम मुकदमों की संख्या अब करोड़ो में लंबित है, अभी कल ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने एक निर्णय में काफी सख्त लहजे में कहा है कि इलाहबाद उच्च न्यायालय में कुल160 पद न्याय मूर्ति के है और वर्तमान में मात्र 89 है,कमोवेश यह दशा पूरे देश के लगभग सभी उच्च न्यायालयों की है,इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि उच्च न्यायालयों 33 प्रतिशत तथा जिला न्यायालयों में 21 प्रतिशत पद न्यायाधीशों के खाली हैं।न्याय मिलना, न्याय देना, न्याय की रक्षा करना,अन्याय न हो पाना,ये सब साथ साथ चलने वाली प्रक्रियाएं है। किसी समाज के विकास में उस समाज की सुरक्षा और शान्ति,इसकी स्थापना की दृष्टि से जब हम पुलिस बल की बात करें तो यहां रिपोर्ट काफी चौकाने वाली है,आई जे आई की चौथी रिपोर्ट कहती है कि भारत मे कुल पुलिस बल की संख्या लगभग साढ़े बीस लाख है परन्तु देश की आधी आबादी महिलाओं की है,परन्तु उनका स्थान इस पुलिस बल में लगभग नगण्य सा है, और जो कुछ है भी उसमें 90 प्रतिशत संख्या केवल कांस्टेबल की है। मात्र 10 प्रतिशत अधिकारी अर्थात इंस्पेक्टर से लेकर आईपीएस तक हैं,देश मे आईपीएस स्तर के लगभग पांच हजार पद है,उसमे महिलाएं मात्र 960 हैं,गैर आईपीएस श्रेणी की कुल 310444 पदों में महिलाओं की संख्या मात्र 24322 है।जब हम जेलों की दशा पर विचार करें तो काफी चिंतनीय स्थिति है हर जेल अपनी छमता से दुगुनी तिगुनी संख्या से भरी हुई है,न्याय हेतु जो पैरा लीगल स्टाफ है उसकी तो बहुत बड़ी कमी है, हजारों बेगुनाह न्याय से बंचित है और जेलों में सड़ रहे हैं, कुल 28 प्रतिशत से ज्यादा पद जेलों में रिक्त हैं। कई संस्थाए जैसे सेंटर फॉर सोसल जस्टिस सेंटर फॉर लीगल पालिसी, इंडिया जस्टिस रिपोर्ट एवं अन्य एनजियो के अनुसार इस मामले में जब बड़े राज्यो की बात करें तो बंगाल की दशा बहुत ही खराब है वह सबसे निचली रैंक पर है जबकि कर्नाटक सबसे उपरी रैंक पर है ,आंध्रप्रदेश दूसरे तिलंगाना तीसरे पर महाराष्ट्र 10 वें पर और उत्तरप्रदेश जैसा बड़े राज्य में कुछ सुधार हुआ यह 18वें रैंक से 17वें स्थान पर आ गया है। सरकारों द्वारा इस दिशा ऐसा भी नही है कि प्रयास नहीं किये जा रहे हैं, आज देश भर के 78 प्रतिशत थानों में महिला हेल्प डेस्क है, जिला न्यायलयों में लगभग एक तिहाई महिलाएं आ गयी हैं,लगभग 46 प्रतिशत जेलों में वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा है,परन्तु जब समाज के निचले तबके की बात करें तो पाते है कि अभी एससी और एसटी तथा महिलाओं की भगीदारी में वृद्धि करने की काफी जरूरत है। व्यवस्थाओं की कमी और उसका पूरा करने का दायित्व तो सरकार का है एक नागरिक होने के नाते केवल हकीकत से रूबरू होना ही नही बल्कि अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेष्ट होना भी हमर्स कर्यव्य होना चाहिए। जब हम समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने लगेंगे तो शायद अपरोक्ष रुप से यह कमी पूरी हो सकती है। हम ट्रैफिक के नियमों का,संस्थाओं के नियमों का पालन कर पुलिस और न्याय व्यवस्था के कार्य को काफी हद तक कम कर सकते हैं, इसकी तैयारी हमे स्वयं अपने से तथा अपने परिवार से करनी होगी, विशेषकर अपने बच्चों को इस दिशा में काफी कुछ प्रेरित कर,कर सकते हैं ताकि वे आगे चलकर एक अच्छे नागरिक बनें और एक अच्छे स्वस्थ सुखी तथा सुरक्षित समाज का निर्माण कर सकें।

प्रोफे आर एन त्रिपाठी समाजशास्त्र विभाग बीएचयू वाराणसी, पूर्व सदस्य उप्र लोक सेवा आयोग 9415698765

वैदिक एवं पश्चिमी वैचारिकता में अंतर्द्वंद

भारतीय संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलत: हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा। भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में अतिथि देवो भव और वसुधैव कुटुंबकम वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या? आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं। पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है क्योंकि इसमें सूक्ष्म जांच पड़ताल कर वस्तु स्थिति का सही मूल्यांकन अपनाकर एक सामान्य सिद्धांत एवं नियम बनाया जाता है। जिससे भविष्य की बातों को जानकर जीवन को और अच्छा तथा बेहतर बनाने में मदद मिल सके। वैसे पाश्चात्य संस्कृति में बहुत सी अहितकर बातें भी हैं, जैसे वसुधैव कुटुंबकम की भावना कमतर होते जा रही है। संयुक्त परिवार की प्रणाली का विघटन होते जा रहा है। पारिवारिक वातावरण संघर्ष तथा तनावपूर्ण होते जा रहा हैं। पाश्चात्य संस्कृति की नकल कर लोग परिवार से अलग होकर स्वतंत्र जीवन यापन करना पसंद करते हैं। उनमे विवाह विच्छेद और अन्य विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। धर्म तथा आध्यात्मिक के प्रति आमजन की सूची धीरे धीरे कम होते जा रही है। ऐसो आराम के सामान खरीदने के कारण लोगों के खर्चे अनाप-शनाप बढ़ चुके हैं। बुजुर्गों की इज्जत तवज्जो होनी कम हो गई है। दादा और नाती के संबंधों में अब वह गर्माहट शेष नहीं रह गई है, जैसी की एक सांस्कृतिक तथा नैतिक परिवार जनों में हुआ करती थी। धीरे-धीरे परिवार के सदस्य अलग होकर अकेलेपन की समस्या से जूझ रहे हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति भूलती जा रही है। प्रेम विवाह तथा अंतर जाति विवाह पाश्चात्य सभ्यता के कारण बहुत बढ़ गए हैं। जिससे वैवाहिक संबंध टूटने के कगार पर आ जाते हैं। पर दूसरी तरफ पाश्चात्य सोच के कारण स्त्री सशक्तिकरण को बढ़ावा भी मिला है महिलाएं जहां पहले अपने घरों में कैद थी अब उन्मुक्त होकर शिक्षित होकर समाज में सफल होकर पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाकर बड़े-बड़े पदों में कार्य कर रही हैं। समाज में खुलापन भी आ गया है। विकास रोजगार एवं मानवीय सोच में भी काफी विस्तार आया है, जो विश्व की सभ्यताओं में आज मौजूद है,जो भारत के विकास में सहायक भी हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि हमें आध्यात्मिक भारतीय परंपरा संस्कृति तथा पाश्चात्य दर्शन तथा पाश्चात्य संस्कृति की सकारात्मक बातें आत्मसात कर विकास की एक नई राह खोजनी होगी, एवं सदैव अच्छी बातों के लिए अपने मस्तिष्क को खुला रखना होगा और पाश्चात्य संस्कृति की विसंगतियों को दूर रख भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए।

संजीव ठाकुर, (वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी लेखक)
स्तंभकार, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़,
9009 415 415

चंदौली

दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक वाराणसी सर्किट हाउस में सम्पन्न

चंदौली। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की जनपद चंदौली की महत्वपूर्ण बैठक आज सर्किट हाउस, वाराणसी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के माननीय सभापति श्री अवनीश कुमार सिंह, सदस्य श्री अंगद कुमार सिंह एवं श्री पदम् सेन चौधरी द्वारा की गई।इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्रमोहन गर्ग,मुख्य विकास अधिकारी आर जगत सांई सहित सभी जनपदस्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के प्रारंभ में जिलाधिकारी चंद्रमोहन गर्ग एवं मुख्य विकास अधिकारी ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्रम भेट कर स्वागत किया।बैठक में पूर्व में लागू आपदा प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा की गई तथा आगामी मानसून एवं संभावित आपदाओं से निपटने के लिए तैयारियों की गहन चर्चा की गई। समिति द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि राहत एवं बचाव कार्यों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए,

संसाधनों की उपलब्धता की अग्रिम व्यवस्था की जाए तथा जनसामान्य को आपदा से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए।इसके साथ ही सभी विभागों के बीच समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समिति ने जमीनी हकीकत के अनुरूप कार्य योजनाओं को अपडेट करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर विशेष निगरानी रखने पर भी बल दिया।समिति के सदस्यगण ने वाटर हार्वेस्टिंग सहित विद्यालयों आदि में आपदा प्रबंधन से संबंधित जागरूकता क्लास आयोजित करने एवं राशन की दुकानों तथा पंचायत भवनों की दीवारों पर आपदा से संबंधित योजनाओं के प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रतन वर्मा, उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी राजेश कुमार, अधिशाषी अभियंता सिंचाई सर्वेश चंद्र सिंहा,प्रभागीय वनाधिकारी दिलीप श्रीवास्तव, उपनिदेशक कृषि, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

परीक्षा छोड़कर दो बहनें गंगा में लगाई छलांग, एक की मौत, एक भर्ती

चंदौली। बलुआ थाना क्षेत्र के मोलनापुर गांव निवासी बीए की छात्रा दो चचेरी बहनें शुक्रवार को गाजीपुर के सैदपुर के रामकरण सेतु से गंगा में छलांग लगा दी। दोनों बीए प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। घटना से इलाके के लोग स्तब्ध हो गए। घटना में मृत सोनी यादव के परिवार के लोग बिलखते दिखे। वहीं उसके कंधे पर बैग की वजह से बची चचेरी बहन चंचल यादव के घर के मुख्य दरवाजे पर ताला बंद मिला। परिजनों ने घटना के बारे में कुछ भी नहीं बोला।बलुआ थाने के इंस्पेक्टर डॉ. आशीष मिश्रा ने बताया कि मोलनापुर (पहाड़पुर) निवासी सोनी यादव (18) चहनिया के एक कॉलेज में बीए की छात्रा थी। शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे घर से ड्रेस पहनकर अपनी चचेरी बहन चंचल (18) के साथ साइकिल से बीए प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा देने के लिए निकली थी। दोनों परीक्षा छोड़कर सैदपुर पुल पर पहुंच गई। दोनों ने एक साथ पुल से गंगा में छलांग दी।

सैदपुर घाट पर बैठे मल्लाहों ने दोनों को बचाने के लिए दौड़े। कंधे पर स्कूली बैग की वजह से चंचल बच गई। वहीं सोनी यादव डूब गई। मल्लाहों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। बलुआ थाने और सैदपुर कोतवाली की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने बेहोश चंचल को सैदपुर सीएचसी पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। नाव से दोनों थानों की पुलिस ने मल्लाहों के साथ सोनी की खोजबीन की। करीब दो घंटे बाद सोनी के शव को नदी से बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पर सोनी के पिता रमेश यादव, मां रेणु देवी, दादा सीताराम, बड़ा भाई रोहित, बहनें पूनम, नीलम रो-रोकर बेहाल हो गईं।

फरियादियों की शिकायतों का अधिकारीगण गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

चंदौली। जिलाधिकारी चन्द्र मोहन गर्ग के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी पीडीडीयू नगर अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पीडीडीयू नगर तहसील सभागार में आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान 117 प्रार्थना पत्र मे एक दर्जन प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

उन्होंने तहसील दिवस में मौजूद सभी अधिकारियों को संबंधित प्रार्थना पत्रों का समय रहते गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, पीडी डीआरडीए, क्षेत्राधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला दिव्यागजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जाने क्यों....?

बाकी है मेरे अन्दर का जो बचपना,
संग उसके अनायास ही...
हँस लेने का हौसला....
जाने क्यों....चाहते हैं लोग....!
कि मैं अपना यह बचपना छोड़ दूँ....
नित-नए घरौंदे बनाने की...और...
रंग औ रंगोली से उसको सजाने की..
रही हमेशा जो परिकल्पना मेरी,
जाने क्यों...चाहते हैं लोग....!
कि मैं यह सिलसिला छोड़ दूँ...
ना किसी से कोई शिकवा,
ना किसी से कोई गिला....
निश्छल-निडर रहकर,
निरपेक्ष होकर बोलने का हुनर...
जो ढाता रहा पाखंडियों पर कहर...
जाने क्यों...चाहते हैं लोग. ..!
कि मैं बोलना यह ज़हर छोड़ दूँ...
महफिल में मगन होकर,
महफिल की करते हुए कदर....
महफिल लूट लेने का हुनर....
सीखा था जिसे मैंने....!
लाखों-करोड़ों जतन कर....
जाने क्यों....चाहते हैं लोग....!
कि मैं अपना यह हुनर छोड़ दूँ.....
परख कर हर किसी को,
हँसाने-रुलाने का हुनर...जो...
सहज गतिमान है आज भी मुझमें..
जाने क्यों...चाहते हैं लोग...!
कि परखने का यह शगल छोड़ दूँ....
बीता पूरा जीवन जिन पगडंडियों पर
दोष मढ़ते हुए....प्यारे उन्ही का....
जाने क्यों....चाहते हैं लोग ...!
कि अब मैं ये डगर छोड़ दूँ....
दुनिया...मतलबी है या चालाक...
मालूम अब तक चला ही नहीं मुझको
ज़िरह भी इस पर कम ही किया..पर.
जाने क्यों....चाहते हैं लोग....!
कि इस पर करना मैं ज़िरह छोड़ दूँ...
पहुँचने के क़ाबिल हूँ जहाँ तलक मैं,
जानता भी नहीं यहाँ हर कोई....
जाने क्यों.... चाहते है लोग....!
बीच ही में अपना सफ़र छोड़ दूँ....
दर्द आज तक....मैंने.....
किसी को दिया ही नहीं....
जाने क्यों....चाहते है लोग.....!
कि मैं उनका शहर छोड दूँ...

रचनाकार...
जितेन्द्र कुमार दुबे
अपर पुलिस उपायुक्त, लखनऊ

चंदौली में पत्रकारिता पर संगोष्ठी, प्रेस क्लब गठन पर बनी सहमति

चंदौली/पीडीडीयू नगर। अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को नईबस्ती स्थित होटल पीएसके इन में आज के परिवेश में पत्रकारिता एक चुनौती विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और फ्रीलांसर मीडिया के वरिष्ठ पत्रकारों ने भाग लिया। गोष्ठी में पत्रकारों के मौलिक अधिकार, सुरक्षा और संगठन की मजबूती पर गंभीर चर्चा हुई। इस दौरान चंदौली प्रेस क्लब की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी पत्रकारों ने समर्थन दिया। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. अनिल यादव ने की। संचालन कृष्ण मोहन गुप्ता ने किया और स्वागत व आभार संदीप कुमार निगम ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में अमर उजाला के ब्यूरो चीफ अमरेंद्र पांडेय, जयदेश के धीरेन्द्र सिंह शक्ति, हिंदू भास्कर के महेंद्र सिंह, सच की दस्तक के बृजेश कुमार, हिंदुस्तान से आशाराम यादव, राष्ट्रीय सहारा के कमलेश तिवारी सहित कई वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने पत्रकार एकता व संगठन की मजबूती पर जोर दिया।

जिला चिकित्सालय की पैथोलॉजी लैब में जल्द लगेगी नई मशीन

चंदौली। पं. कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय की पैथोलॉजी लैब में जल्द ही नई मशीन लगाई जाएगी। इससे मरीजों और तीमारदारों को समय रिपोर्ट मिल जाएगी। बाबा कीनाराम स्वाशीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध पं. कमलापति त्रिपाठी सयुंक्त जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। यहां पर ओपीडी से लेकर वार्ड तक इलाज करने आते हैं। इसमें 500 से अधिक लोगों की जांच पैथोलॉजी लैब में होती है। मशीन की क्षमता कम होने के कारण समय से रिपोर्ट नहीं मिल पाती है और मशीन गरम हो जाती है। इससे रिपोर्ट मरीज और तीमारदारों को परेशान होना पड़ता है। अब उन्हें परेशान नहीं होना पड़ेगा। लैब में अधिक क्षमता वाली मशीन जल्द ही लगाई जाएगी। पं. कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय, चंदौली के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सत्य प्रकाश ने कहा कि पं. कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजी लैब में अधिक क्षमता वाली जांच मशीन लगाई जाएगी। इससे मरीजों को रात मिलेगी। समय से मरीजों को रिपोर्ट मिल जाएगी।

बिजली गिरने की चेतावनी, बारिश का अलर्ट, 70 किमी प्रति घंटे की गति से चलेगी हवा

चंदौली। मौसम विभाग ने 4 से 6 मई तक मौसम में बदलाव रहने के आसार जताए हैं। शनिवार को तराई, पश्चिमी और बुंदेलखंड के 33 जिलों में 60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश में सक्रिय हुई हवाओं की वजह से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने चार से छह मई तक ये बदलाव रहने के आसार जताए हैं। शनिवार को तराई, पश्चिमी और बुंदेलखंड के 33 जिलों में 60 से 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 58 जिलों में गरज-चमक संग बूंदाबांदी और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान कहीं-कहीं ओले गिरने के भी आसार हैं।

डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में 256 प्राप्त शिकायतों में नौ मौके पर ही किया निस्तारित

जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम गंजारी का किया स्थलीय निरीक्षण

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के अध्यक्षता में तहसील राजातालाब में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान तहसील में कुल 256 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 09 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

राजातालाब तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर जन शिकायतों का निस्तारण करते डीएम सत्येन्द्र कुमार।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अनुपस्थित एक्सईएन जल निगम ज्ञानेंद्र चौबे का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस अवसर पर डीसीपी गोमती आकाश पटेल, एसडीएम शिवानी सिंह और जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने गंजारी में निर्माणाधीन इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया की ससमय कार्य पूर्ण हो जाए।

गोरखपुर के कुलपति प्रो. कुन्दुरू रामाचन्द्रा रेड्डी का कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने किया अभिनंदन

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। संस्कृत देववाणी है, संस्कृत भाषा में निहित अमृत तत्व में आयुर्वेद का अमृत तत्व भी छिपी है।यहां की दुर्लभ पांडुलिपियों में आयुर्वेद के ज्ञान तत्व हैं वर्तमान में पांडुलिपियों के संरक्षण के कार्य चल रहे हैं, इसके बाद उनके डिजिटलीकरण करके आयुर्वेद के विभिन्न आयामों शोध किया जाएगा। आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति प्रो केज़ आरज़ कुन्दुरू का आगमन इन्हीं विषयों को लेकर हुआ है, इसके साथ यहां पर आयुर्वेद महाविद्यालय की चल रही परीक्षा का भी निरीक्षण उनके द्वारा किया गया।

उक्त विचार सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने शनिवार को कुलपति कार्यालय में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति प्रोफेसर कुन्दुरू रामाचन्द्रा रेड्डी का स्वागत और अभिनंदन करते हुये व्यक्त किया। उस दौरान दोनों कुलपतियों ने यहां पर चल रहे राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के द्वारा कराए जा रहे दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण कार्यों का भी निरीक्षण किया। कुलपति प्रोफेसर कुन्दुरू रामाचन्द्रा रेड्डी ने कहा कि यहां संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों में चिकित्सा क्षेत्र के दुर्लभ ज्ञान तत्व निहित हैं, जिसका उपयोग जनहित में किया जाएगा। गोरखपुर में आयुष विश्वविद्यालय विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय बनने जा रहा है, जो

आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो. के. आर कुन्दुरु का स्वागत करते संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा

आयुर्वेद, योग, नेचुरोपैथी और होम्योपैथी जैसे विभिन्न प्रणालियों को समाहित करता है। यह उत्तर भारत का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है, जिसमें अद्वितीय सुविधाएं हैं जो अन्य विश्वविद्यालयों में नहीं हैं। शीघ्र ही संस्कृत विश्वविद्यालय से विभिन्न पहलुओं पर एमओयू किया जाएगा,इस पर शोध कार्य करने हेतु विभिन्न आयाम तैयार हुआ है। इसके लिए आयुष विश्वविद्यालय विधिक तैयारी कर रहा है।उस दौरान नाड़ी विशेषज्ञ वैद्य सुशील दूबे,प्रो दिनेश कुमार गर्ग, अशोक कुमार चौधरी, डॉ अमर चंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।

जातीय जनगणना के फैसले पर कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी के सम्मान में निकाला आभार यात्रा

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। नेता विपक्ष राहुल गांधी के संकल्प और उनके समर्पण के कारण मोदी सरकार ने घुटने टेक जातीय जनगणना कराने का फैसला लिया। इस ऐतिहासिक फैसले पर राहुल गांधी का आभार जताते हुए वाराणसी में जिला/महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा धन्यवाद राहुल जी आभार यात्रा निकाला गया।यात्रा का शुभारम्भ नदेसर स्तिथि स्वामी विवेकानंद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शुरू हुआ व विभिन्न मार्गों से होते हुए कचहरी चौराहे पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संपन्न हुआ।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के सम्मान में निकाली आभार यात्रा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष ,पूर्व मंत्री अजय ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने सरकार को झुका दिया। जाति जनगणना का निर्णय राहुल गांधी के साथ इस देश के हर उस व्यक्ति की जीत है, जिसका सदियों से शोषण हुआ है। जो लोग कहते थे कि जाति जनगणना पाप है, वो लोग अब जाति जनगणना को मास्टरस्ट्रोक बता रहे हैं।मगर देश को याद है कि राहुल गांधी ने संसद में ताल ठोककर कहा था कि मोदी जी, आप चाहे जो कर लें, आपको जाति जनगणना कराना ही पड़ेगा और वही हुआ।मगर ये इतना आसान नहीं था, इसके लिए राहुल गांधी ने बहुत कुछ दांव पर लगाकर इस सरकार की आंख में आंख डालकर उसे चुनौती दी थी। राहुल गांधी को सरकारी तंत्र के सहारे परेशान किया गया,बीजेपी व आरएसएस के लोगों ने उन पर पर्सनल अटैक किए, उनके ख़िलाफ़ दुष्प्रचार किया।मोदी, योगी से लेकर मोहन भागवत और नितिन गडकरी,अनुराग ठाकुर तक सभी खुलेआम इसका विरोध करते थे। मगर इन्हें राहुल गांधी और इस देश की आवाज़ के आगे झुकना पड़ा। जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने संयुक्त रूप से कहा की नेता विपक्ष राहुल गांधी के संकल्प और उनके समर्पण के कारण मोदी सरकार ने घुटने टेक जातीय जनगणना कराने का फैसला लिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता व नेतृत्व जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल व महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने संयुक्त रूप से कियाउक्त कार्यक्रम में प्रमोद पाण्डेय, फ़साहत हुसैन बाबू,दुर्गा प्रसाद गुप्ता, सजीव सिंह, विजय शंकर मेहता, ऋषभ पाण्डेय, गुलशन अली, डा. राजेश गुप्ता, वकील अंसारी, सतनाम सिंह, अरुण सोनी, अशोक सिंह,राजू गौतम, विनोद सिंह कल्लू,राजू राम,श्री प्रकाश सिंह, गिरीश पाण्डेय, वीरेन्द्र कपूर, मनीष मोरोलिया, दिलीप चौबे, संतोष मौर्य, लोकेश सिंह, मेहदी हसन कब्बन, अब्दुल हमीद डोडे, साजिद अंसारी, राजेश त्रिपाठी, आसिष गुप्ता छांगुर, घनश्याम सिंह, प्रिंस राय खगोलन, विश्वनाथ कुँवर, शमशाद खां, सुनील राय, राजेन्द्र गुप्ता, अशलम खां, पियुष श्रीवास्तव, रोहित दुबे, रमज़ान अली, प्रमोद वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, मृतुन्जय सोनकर, हिमांशू धनवस्त, आकाश त्रिपाठी, कुँवर यादव, आसिष केशरी, राम सुधार मिश्रा, पारस यादव, संदीप पाल, शशाक शेखर सिंह, नरसिंह दास, आनंद चौबे, कृष्णा गौड़ समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

काशी विद्यापीठ बी.कॉम. द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 13 मई को

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। वाणिज्य विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में बी.कॉम. द्वितीय सेमेस्टर (कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग) एवं बी.कॉम. चतुर्थ सेमेस्टर (डिजिटल मार्केटिंग) की प्रायोगिक परीक्षा 13 मई को आयोजित है। विभागाध्यक्ष प्रो. अजीत कुमार शुक्ल ने बताया कि परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से वाणिज्य विभाग में होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र/परिचय पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

बी.ए. एल-एल.बी. दशम सेमेस्टर एवं एल-एल.बी. षष्ठ सेमेस्टर की परीक्षा 31 मई से

वाराणसी। विधि विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में बी.ए. एल-एल.बी. दशम सेमेस्टर एवं एल-एल.बी. षष्ठ सेमेस्टर की परीक्षा 31 मई से शुरू होगी। विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार ने बताया कि बी.ए. एल-एल.बी. दशम सेमेस्टर 31 मई से 09 जून तक एवं एल-एल.बी. षष्ठ सेमेस्टर की परीक्षा 31 मई से 06 जून तक सम्पन्न होगी। उक्त सभी परीक्षाएं अपराह्न 01 से 04 बजे तक होंगी।

भूमिहार ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सीपी से मुलाकात कर की एसओ के निलंबन की मांग

पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपते भूमिहार ब्राह्मण समाज के नेता अखिलेश सिंह

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। व्यापारी नेता अखिलेश सिंह ने रविवार को खबर जारी कर बताया कि भूमिहार ब्राह्मण समाज का एक प्रतिनिधिमंडल कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम प्रकाश नारायण सिंह के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस कमिश्नर से मिलकर निर्दोष कुंडारिया प्रधान विवेक उर्फ मोहित सिंह को एसओ मिर्जामुराद द्वारा जबरन जेल भेजने की की कार्यवाही से उपजे जन आक्रोश पर शिकायत पत्र देकर अवगत कराने आवास पहुंचा। कमिश्नर ने दो से तीन दिन में कार्यवाही होने और जमानत का भरोसा दिया।

महासचिव अखिलेश सिंह ने पुलिस व खासकर एसओ की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए किसी भी जनप्रतिनिधि को बिना जांच के जेल भेजने को संदिग्ध बताया। उपस्थित प्रतिनिधि मंडल ने एसओ के निलंबन की कार्यवाही की मांग की। उपस्थित प्रमुख लोगों में सदानंद राय,सत्यप्रकाश सिंह बाबू, ऐड दिनेश सिंह,आदित्य सिंह, समाजसेवी भागवत सिंह, अरविंद सिंह,एड सच्चिदानंद सिंह, विनय कुमार मुन्ना,रामजी सिंह, मनोज शर्मा, प्रदीप सिंह, एस के सिंह, अधीश राय, सत्यमसिंह इत्यादि प्रमुख रूप से थे।

प्रो. ओम प्रकाश सिंह इलाहाबाद विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के सदस्य हुए मनोनीत

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। प्रो. ओम प्रकाश सिंह, पूर्व निदेशक मदन मोहन मालवीय संस्थान ,महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ को भारत के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय एवं भारत का ऑक्सफोर्ड कहे जाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कार्य परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है। इस बाबत प्रो ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि मैं भारत की राष्ट्रपति एवं इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की विजिटर के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने मुझे इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कार्य परिषद का सदस्य नियुक्त किया। कार्य परिषद के सदस्य के रूप 3 वर्षों तक विश्वविद्यालय के विकास में सतत अपना योगदान दूंगा। प्रो. ओम प्रकाश सिंह को इलाहाबाद विश्वविद्यालय की कार्य परिषद का सदस्य मनोनीत किए जाने पर उनके शुभचिंतकों ने हर्ष जताया है।

प्रो. ओम प्रकाश सिंह

डीएम की अध्यक्षता में जिला जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक हुई संपन्न

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने राइफल सभागार में जिला जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक हुई।जिसमें 09 प्रकरण का सुनवाई किया गया जिसमें पक्ष विपक्ष दोनों उपस्थित थे जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पक्ष विपक्ष द्वारा अपना साक्ष्य प्रस्तुत किया गया, जिसके अवलोकनों करने पर जिलाधिकारी द्वारा दोनों उभय को एक महीने का समय देते हुए अगली सुनवाई हेतु प्रमाणित साक्ष्य के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया। बैठक में एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा ,एडीएम प्रशासन बिपिन कुमार और समाज कल्याण अधिकारी उपस्थित रहें।

पड़ोसियों ने पीटा, तीन पर मुकदमा दर्ज

मीरगंज। करियांव गाँव मे गुरुवार रात आठ बजे पारिवारिक विवाद में पड़ोसियों ने एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया जिस पर मीरगंज पुलिस ने शुक्रवार देर शाम को तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। करियांव निवासी अकरम पुत्र शफीक ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था की 01/05/25 को समय करीब 20.00 बजे पारिवरिक विवाद को लेकर मेरे पडोसी असलम पुत्र शफीक, सीबू उर्फ शाकिब पुत्र मु0 असलम, तथा रईसा अफरोज पत्नी मो0 असलम नि0 गण करियाँव थाना मीरगंज जौनपुर मुझे गाली गुप्ता देते हुए लाठी डण्डा से मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी दिये, मारपीट में मुझे चोटे आयी है। अत: श्रीमान जी से निवेदन है कि आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करे । जिस पर मीरगंज पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष विनोद अंचल का कहना है की तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

अज्ञात कारणों से लगी आग से गेहूं का डंठल जला

मुंगराबादशाहपुर। पवारा थाना क्षेत्र के अमोध गांव में शनिवार को दोपहर करीब तीन बजे अज्ञात कारणों से लगी आग से जहां गेहूं के डंठल जल कर राख हो गए वही समय रहते फायर ब्रिगेड के लोगो के पहुंचने से अन्य नुकसान को बचाया जा सका। उक्त गांव निवासी कुंवर बहादुर सिंह और कन्हैया सिंह का खेत है। दोपहर करीब तीन बजे अज्ञात कारणों से उसमें आग लग गई। आग की विकरालता को देखते हुए भुक्तभोगी जनो ने अविलंब फायर ब्रिगेड को सूचित कर दिया। आनन फानन में मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने गेहूं के डंठल को बुझाने में लग गए।

घंटों की मशक्कत से आग पर जब तक काबू पाया जा सका तब तक सारे डंठल जल कर राख हो गए। पीड़ित किसानों का कहना है कि डंठल जल जाने से पशुओं के चारे की समस्या हो जाएगी। वही फायर स्टेशन के सेकेंड ऑफिसर अनिल यादव ने बताया कि इस आग से आस पड़ोस के जो लोग प्रभावित होते आग बुझने से उन लोगों ने राहत की सांस ली। आग पर काबू पाने हेतु एम एफ ई और पंपिंग की सहायता से आग पर जल्द काबू पाया जा सका। इससे अन्य स्थानों पर आग को नहीं फैलने दिया गया। आग बुझने से लोगो ने राहत की सांस ली।

डा. अजफर जमाल ने न्यूरोसर्जरी में डीआरएनबी परीक्षा उत्तीर्ण कर रचा कीर्तिमान

पूरे प्रदेश में एकमात्र अभ्यर्थी ने हासिल की सफलता

खेतासराय। क्षेत्र के मझौरा गांव निवासी डा. अज़फ़र जमाल ने न्यूरोसर्जरी में (डॉक्टर ऑफ नेशनल बोर्ड) की अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद जौनपुर ही नहीं, पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। यह गौरव की बात है कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश से मात्र वही एक अभ्यर्थी इस कठिन परीक्षा में सफल हो सके हैं। डा. अज़फ़र की प्रारंभिक शिक्षा जौनपुर के प्रतिष्ठित रिज़वी लर्नर्स अकादमी में हुई, जहां से उन्होंने इंटरमीडिएट तक अध्ययन किया। इसके पश्चात उन्होंने वर्ष 2011 से 2017 तक एसडीएम मेडिकल कॉलेज, धारवाड़ से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की। तत्पश्चात वर्ष 2018 से 2021 तक

येनेपोया मेडिकल कॉलेज, मंगलुरु से एम.एस. (जनरल सर्जरी) किया।

इसके बाद उन्होंने डीएनबी जनरल सर्जरी में प्रवेश लिया और 2022-2025 सत्र के अंतर्गत न्यूरोसर्जरी में डीआरएनबी की शिक्षा लाइफलाइन हॉस्पिटल, आज़मगढ़ में पूरी की। उनकी इस ऐतिहासिक सफलता पर परिवार, ग्रामवासी और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। पिता मो अरशद (सर सैयद हॉस्पिटल के संचालक), भाई डा. फारूक अरशद रेडियोलॉजिस्ट, प्रबंधक अबरार अहमद, मो असद सिद्दीकी ने प्रसन्नता जताई है।

तीन वर्ष पहले जब्त खाद्यान्न की होगी नीलामी

मछलीशहर। तीन साल बाद दो उचित दर विक्रेताओं की दुकान से जब्त खाद्यान्न सामग्री बुधवार को नीलाम की जायेगी। सात मई को दो बजे तिलोरा में उचित दर विक्रेता भुआल की दुकान पर लालजी यादव की दुकान का जब्त सामान नीलाम होगा। इसी दिन साढ़े तीन बजे अरुआवा गांव में अशोक मिश्रा की दुकान पर निजामुद्दीनपुर के उचित विक्रेता राजदेव सिंह की दुकान के जब्त खाद्यान्न की नीलामी होगी नीलाम होने वाले सामान में गेहूं, चावल चना नमक आदि शामिल हैं। उक्त जानकारी उपजिलाधिकारी मछलीशहर द्वारा जारी आदेश के क्रम में आपूर्ति विभाग द्वारा दी गई है।

एडीएम के प्रयास से बार और लेखपाल संघ विवाद का हुआ पटाक्षेप

तरुणमित्र न्यूज

केराकत। एडीएम वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान व एसपी सिटी के प्रयास से शनिवार को दोपहर डेढ़ बजे एसडीएम चैंबर में तहसील बार एसोसिएशन और लेखपाल संघ के साथ वार्ता में दोनों संघों के भूमि संबंधी विवाद का पटाक्षेप हो गया। बार एसोसिएशन के महामंत्री दिनेश पाण्डेय एडवोकेट के अनुसार यह तय किया गया कि विवादित स्थल पर किसी उभय पक्षों में से किसी की कोई दावेदारी नहीं रहेगी। उक्त स्थान पर किसी का कोई निर्माण कार्य नहीं होगा भूमि खाली रहेगी पार्किंग हेतु उपयोग किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि तहसील प्रांगण स्थित एक भू खण्ड पर लेखपाल संघ भवन का निर्माण किया जा रहा था जिसका वकीलों ने विरोध किया था और यह विरोध इतना मुखर और प्रबल हो गया था कि शुक्रवार को दोनों संगठन आमने सामने आ गए थे। बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के पत्र का संज्ञान ले कर डीएम जौनपुर के निर्देश पर आज सामूहिक रूप किए गए प्रयास से यह सफलता मिल गई। वार्ता में एसडीएम सुनील कुमार भारती, राजमणि यादव एड अध्यक्ष, महामंत्री दिनेश पांडेय, संजय चौबे एड, पूर्व अध्यक्ष सुभाष सिंह एडवोकेट, सुरेश कुमार एड, हीरेन्दर यादव एड व लेखपाल संघ के चन्द्र मोहन यादव सतीश राम व अन्य लेखपालगण उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर स्वास्थ्य विभाग का लगा कैंप

चिकित्सकों ने किया फरियादियों के स्वास्थ्य की मुफ्त जांच, दवाओं का हुआ वितरण

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण करते डा. बीएल यादव

मछलीशहर। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील में स्वास्थ्य विभाग का कैंप लगाया गया। जिसमें चिकित्सकों ने फरियादियों एवं आम जनता के स्वास्थ्य का परीक्षण कर नि: शुल्क दवाओं का वितरण किया।

इस अवसर पर एलियोपैथ,आयुर्वेद एवं होमियोपैथ के चिकित्सकों ने फरियादियों, अधिवक्ताओं एवं आम जनता के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछलीशहर के एल्योपैथ के चिकित्सक डॉ.बी एल यादव ने बल्ड प्रेशर सहित कई जांच कर लोगों को मुफ्त दवाएं दिया। इसी क्रम में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मीरगंज के चिकित्सक सुदर्शन बिंद और राजकीय होमियोपैथ चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ.योगेश कुमार पांडेय ने भी जांच कर मुफ्त दवाओं का वितरण किया। इसी प्रकार 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का आयुष्मान भी बनाया गया।

एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर प्रबुद्ध समागम का हुआ आयोजन

जलालपुर। आज शनिवार को क्षेत्र के एक रिसॉर्ट में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर प्रबुद्ध समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष भाजपा मछलीशहर डा. अजय कुमार सिंह ने एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर सरकार के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करते हुए इस अवधारणा को देश के विकास के लिए अनिवार्य बताया।

उन्होंने कहा, बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले भारी खर्च को कम करके हम उन संसाधनों को विकास कार्यों में लगा सकते हैं। यह व्यवस्था शासन में निरंतरता और स्थिरता लाएगी, जिससे नीति निर्माण और विकास परियोजनाएं बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ सकेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह पहल प्रबुद्ध वर्ग और देश की जनता के व्यापक समर्थन से ही साकार होगी। बयालसी इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस दिशा में जन-जन को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं,प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की जिम्मेदारी है कि वे समाज को एक राष्ट्र एक चुनाव की उपयोगिता के बारे में लोगों को जागरूक करें। यह केवल एक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प है।अवकाश प्राप्त सीडीओ यशवंत सिंह,ब्लॉक प्रमुख सिरकोनी वंशराज सिंह ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

अध्यक्षता पूर्व विधायक हरेंद्र प्रसाद सिंह ने एवं संचालन आमोद सिंह रिंकू ने किया, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पंचायत प्रतिनिधि दिनेश सोनकर, कृष्णपाल सिंह, राजेश सोनकर, पंकज सिंह, रजनीश चौबे, संतोष मौर्या, गिरीश कुमार सिंह, शैलेश सिंह, शशिप्रकाश सिंह, दुर्गेश सिंह, हेमत सिंह, अरविंद गिरी, गुरुचरण सोनकर संजय सिंह जटाशंकर सिंह श्री निवास रामचंदर सेठ बृजनाथ शर्मा हरिशंकर अजय कुमार अनिल कुमार अनेकों गणमान्य लोग की उपस्थित रही।

एक राष्ट्र एक चुनाव देश के लिए लाभप्रद : डा. अजय सिंह

मड़ियाहूं। देश में लोकसभा व विधान सभाओ के चुनाव एक साथ होना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो इससे समय, श्रम तथा धन तीनों की बचत होगी। उक्त बातें शनिवार को स्थानीय नगर में वन नेशन वन इलेक्शन पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि मछली शहर भाजपा जिलाध्यक्ष डा. अजय कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष देश के विभिन्न हिस्सों में कहीं न कहीं चुनाव चलता रहता है, इससे आचार संहिता आदि के कारण विकास कार्य भी प्रभावित रहता है तथा देश का बहुत बड़ा राजस्व भी चुनाव में खर्च होता है। इससे देश के संसाधनों की बड़ी बचत होगी। विशिष्ट अतिथि विधायक डा. आर के पटेल ने एक राष्ट्र एक चुनाव को सभी दृष्टि से राष्ट्र हित मे बताया। कार्यक्रम के आयोजक व संयोजक पूर्व सांसद बी पी सरोज ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्र हित मे तमाम कार्य कर रहे हैं और एक राष्ट्र एक चुनाव उसी का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि सरकार के देश हित के कार्यों से विपक्षी दलों में हताशा और निराशा है। वे लोग जनता में केवल भ्रम फैलाने और दुष्प्रचार करने का कार्य कर रहे हैं इस अवसर पर प्राचार्य डा. सुरेश पाठक, राजेन्द्र श्रीवास्तव, शिव शंकर गुप्ता, चन्द्र प्रकाश सिंह पप्पू, विनोद जायसवाल, मिडिया प्रभारी संतोष मिश्रा, पं राज कृष्ण शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, उदय शंकर दुबे, विनोद सेठ, डा. अजय सिंह, स्कंद पटेल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में मालती सिंह पीजी कॉलेज सभागार में भाजयुमों द्वारा आयोजित संगोष्ठी कों संबोधित करते हुए पूर्व सांसद विद्यासागर सोनकर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा की जानकारी देते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराना है। इससे चुनावी खर्च में कमी आएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते डा. अजय कुमार सिंह।

साथ ही प्रशासनिक कार्यों में बाधा नहीं आएगी और नीति-निर्माण में निरंतरता बनी रहेगी। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अखिल प्रताप सिंह ने कहा कि यदि देश में 5 साल में केवल एक बार ही चुनाव हो तो चुनाव में खर्च होने वाले धन व सरकारी कर्मचारी की चुनाव को लेकर व्यवस्था कम हो जाएगी। इस अवसर पर ब्रह्मदेव मिश्रा, श्याम दत्त दुबे, जयेश सिंह, पंकज पाठक, अजय सोनकर, जगदीश चौहान, अंबरीश सिंह मनोज सिंह, संजीव गुप्ता समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

परमात्मा से जुड़कर ही उनके सारे खजाने प्राप्त कर सकते हैं : पूनम

समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित, भक्ति गीतों पर झूमी महिलाएं

तरुणमित्र न्यूज

मुंगराबादशाहपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सिटी पब्लिक स्कूल में आयोजित नौ दिवसीय अलविदा तनाव कार्यक्रम के आनंद उत्सव सत्र में तनाव मुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने हर व्यक्ति को जीवन में विपत्ति के समय सच्चा सहारा, सर्व संबंधों का प्यार, सात्विक आनंद, सुरक्षा का अनुभव आदि मानव जीवन में परमात्मा की आवश्यकता का वर्णन किया।

मुख्य अतिथि विधायक पंकज पटेल, पुष्पा शुक्ला, बिजेंद्र जायसवाल, सभासद वीरेंद्र पटेल, कोमल केशरी, सत्यभामा ऊमरवैश्य, मनोज जायसवाल, प्रिया ऊमरवैश्य, वर्षा केसरी, शैलेंद्र साहू व बीना ऊमरवैश्य आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक पंकज पटेल ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ संस्था में आने से एक अलग प्रकार की मन की शांति का अनुभूति होता है। अतिथियों ने एक साथ कैंडल जलाकर विश्व की शांति की कामना की। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं को ब्रह्माकुमारी पूनम बहन व संचालिका अनीता दीदी ने अंगवस्त्रम पहना व ईश्वरी सौगात भेंट कर सम्मानित किया। खुश

भक्ति गीत पर झूमती महिलाएं।

होकर गा रहा है.... गीत पर परमात्मा मिलन का अनुभव करते हुए पुष्प वर्षा कर आनंद उत्सव मनाया गया। आनंद का दिन आया रे.... गीत पर गोप -गोपी बने बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कान्हा रे थोड़ा सा प्यार दे.... गीत पर महिलाओं व पुरुषों ने रास करते जमकर झूमें। इस दौरान इंदौर से आई तनामुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने कहा कि परमात्मा से जुड़कर ही सारे खजाने की चाभी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन राज पाल ने किया। इस अवसर पर अरविंद बच्चा, शिवकुमार, सीके, जितेंद्र, संजय, सुभाष मिश्रा, ज्ञानचंद केसरी, विपिन जिम्मी, अंकित, राजकुमार ऊमरवैश्य, राजकुमार जायसवाल संतोष गुप्ता, रंजीत गुप्ता, नीरज, पल्लवी जयसवाल व उमाशंकर आदि लोग मौजूद रहे।

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें निस्तारणः जिलाधिकारी

संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों को सुनते डीएम व एसपी।

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील मधुबन में संपन्न
- 97 फरियादियों की शिकायत में आठ मामलों का हुआ निस्तारण
- अधिकारियों के सामने ग्राम प्रधान और युवक के बीच चली लाठी

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील मधुबन में शनिवार को संपन्न हुआ। जनपद के अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मुहम्मदाबाद गोहना में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 97 शिकायतें आई, जिनमें से 08 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। वहीं मधुबन तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के दौरान दोनों अधिकारियों के सामने ही गांव के प्रधान और उसी गांव के एक युवक के बीच मारपीट हो गई। इसके चलते कुछ समय के लिए अफरा तफरी मच गई।

समाधान दिवस में फतेहपुर मंडाव ब्लॉक के खैरा नासिर के प्रधान मनोज कुमार और गांव के अनिल यादव के बीच मारपीट होने लगी। मामला गांव स्थित एक पोखरी के पट्टे को लेकर था। बात पहले गाली गलौज तक रही, फिर विवाद इतना बढ़ा कि दोनों भूल गए कि वह डीएम/एसपी के सामने ही एक दूसरे से भिड़ गए। ग्राम प्रधान ने डंडे से विपक्षी अनिल पर वार करना शुरू कर दिया। ऐसे में मौके पर अफरा-तफरी मच गई जहां मौके पर मौजूद पुलिस ने किसी प्रकार बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इससे पहले तहसील दिवस में मधुबन कस्बा निवासी विवेक कुमार ने शिकायत किया कि वह तहसील में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। जिसे दो जनवरी 2025 को फर्जी आरोप लगाकर उसे निष्कासित कर दिया गया। उपजिलाधिकारी द्वारा उसका रुका वेतन जून, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर का भुगतान व जांच में बचाने के नाम पर 40 हजार रुपये लिए हैं। जब वह अपना रुका वेतन और 40 हजार रुपये मांगने आया तो चेंबर से डांट कर भगा दिया गया। क्षेत्र के नेवादा गोपालपुर गांव निवासी अनिल ने शिकायत किया कि लेखपाल द्वारा चकमार्ग का सीमांकन करने के बाद भी विपक्षी ट्यूबवेल और कटरैन नहीं हटा रहे हैं। डीएम ने शिकायतों के निस्तारण में देरी पर नाराजगी जताई एवं उसमें तेजी लाने का निर्देश दिया।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी मधुबन, बेसिक शिक्षक अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय, जिला कृषि अधिकारी सोमप्रकाश गुप्त, एसीएमओ डॉ. बी के यादव, सीओ अभय कुमार सिंह, बीडीओ अनिल मौर्य, एसडीओ राजकुमार यादव, विनोद कुमार अग्रहरि सहित राजस्व व पुलिस टीम मौजूद रहे।

प्रेमी ने ही युवती पर फेंका था तेजाब

- युवती द्वारा शादी नहीं तोड़ने से था नाराज
- पुलिस ने तीन को गिरफ्तार कर किया चालान

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। घोसी कोतवाली क्षेत्र के एक युवती पर बीते एक अप्रैल को तेजाब से हमला करने वाले मुख्य आरोपी के साथ दो अन्य आरोपियों को पुलिस ने शनिवार की भोर में असना नहर के पास से गिरफ्तार किया। मुख्य आरोपी ने युवती से पांच साल से प्रेम प्रसंग होने के बाद भी युवती द्वारा शादी तय किए जाने से नाराज होकर तेजाब फेंकने की बात कही।

72 घंटे के भीतर इस मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए इसकी जानकारी शनिवार को एसपी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में एएसपी महेश सिंह अत्रि द्वारा दी गयी।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीते एक अप्रैल को दोपहर में घोसी कोतवाली के कटिहारी में दिन दहाड़े इस घटना को लेकर एसपी इलामारन जी. के निर्देश पर घोसी पुलिस, एसओजी/ स्वाट/ सर्विलांस टीम की तीन टीम सीओ घोसी दिनेशदत मिश्रा के नेतृत्व में जांच में जुटी थी। इस बीच, शनिवार की भोर में पुलिस को सूचना मिली कि इस घटना में शामिल मुख्य आरोपी फरार होने के लिए घोसी कोतवाली क्षेत्र के असना नहर के पास है। पुलिस की तीनों टीमों की घेराबंदी के बाद पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के कनकडीह निवासी राम जनम सिंह पटेल को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस लाइन सभागार में गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस अधिकारी।

महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं की दी गई जानकारी

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार शनिवार को सर्वोदय इण्टर कालेज घोसी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय देई स्थान कोपागंज जनपद मऊ मे आपरेशन मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मे महिला कल्याण विभाग से संचालित योजनाओ जैसे कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, स्पान्सरशीप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल विवाह तथा टोल फ्री हेल्प लाईन नंबरों के बारे मे प्रचार प्रसार किया गया साथ ही साथ बाल विवाह रोकने के सम्बन्ध मे शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के समय विद्यालय के छात्र-छात्राए प्रधानाध्यापक / अध्यापक महिला कल्याण विभाग से संरक्षण अधिकारी शिवानन्द सिंह एवं चाइल्ड हेल्प लाइन से रितेश चौरसिया, श्रीमती अर्चना एवं अमित कुमार उपस्थित रहे।

बालिका विद्यालय में योजना के बारे में जानकारी देती अध्यापिकाएं।

संक्षिप्त समाचार

घर में लगी आग के चपेट में आकर आठ बकरियों की मौत

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। *स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बंदीकला गांव में शुक्रवार को दोपहर एक बजे सिवान में बने एक घर में आग लग गई। इस घटना में आठ बकरियों की झुलसने से मौत हो गई।*

जानकारी के अनुसार बंदीकला गांव निवासी सफीक अहमद का सिवान में टीन शेड का एक घर बनाकर रहते हैं। शुक्रवार की दोपहर में अज्ञात कारण से इस घर में आग लग गई। इस दौरान घर के पास ही खेत में गेहूं का डंठल रखा था। जिससे आग की लपटें और भी तेज हो गई।

शुक्रवार को जुम्मा की नमाज पढ़ने वाले लोगों को आग लगने की घटना की जानकारी जैसे हुई तो लोग मौके पर पहुंच कर आसपास से पानी लेकर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कमरे के अंदर बांधी गई आठ बकरियां और गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। इस घटना को लेकर तहसीलदार अजीत सिंह ने बताया कि बंदीकला गांव में अभी आग लगने की घटना की जानकारी नहीं है। अब जानकारी होने पर संबंधित लेखपाल और कानूनगो को पीड़ित परिवार को फौरन राहत पहुंचाने और नुकसान का आंकलन करने का निर्देश दिया जा रहा है।

आबादी कि जमीन पर चकमार्ग फेकने से रोकने पर दबंगों ने मारपिट कर घायल किये

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। *मधुबन थाना क्षेत्र के कचिला नारायण पुर में आबादी कि जमीन पर चककमार्ग फेकने से मना करने पर दबंगो ने तीन लोगों को मारपिट कर घायल कर दिया था।*

इस मामले में पुलिस ने घायल पक्ष की तहरीर पर कुल पाँच लोगो के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। फरियादी कमला यादव पुत्र रामअवध का आरोप है कि आबादी कि जमीन पर चककमार्ग फेंका जा रहा था जिस का उसने विरोध किया तो बीते 29 अप्रैल की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे गांव के दीपू पुत्र रामजी, छोटू पुत्र रामानंद, सन्नी पुत्र गुलाब, अजय पुत्र संजय, हीरालाल पुत्र रामप्यारे ने लाठी डंडा लेकर मौके पर आ गये और भद्दी भद्दी गालिया देते हुए कहने लगे कि हम लोग चककमार्ग बनवाएंगे। जब उसने कड़ा विरोध किया तो उपरोक्त लोग लाठी डंडा से मारने लगे। मुझे बचाने उसके भाई हरिहर और नक्षत्र आए तो उपरोक्त लोगो ने उन्हें भी लाठी डंडा से मार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिये। इस मामले में मधुबन पुलिस ने पीड़ित कि तहरीर पर उपरोक्त लोगो के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है।

अधिरोहण संस्था ने श्रमिक दिवस पर मजदूरों को किया सम्मानित

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। *अधिरोहण संस्था द्वारा श्रमिक दिवस के अवसर पर शनिवार को 'अन्त्योदय' के भाव को साकार करते हुए विशेष महिला मेहनतकश मजदूरों को सादगी और सम्मान का प्रतीक गमछा भेंट किया गया।*

इस आयोजन में संस्था की संस्थापिका ज्योति सिंह के साथ सहयोगी शारदा त्रिपाठी, कृष्णा खण्डेलवाल और बीना राय की सक्रिय सहभागिता रही। गांव एवं कस्बों से आए दर्जनों मजदूरों को यह गमछा भेंट केवल एक उपहार नहीं, बल्कि उनके श्रम को नमन करने की भावना थी। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने मजदूरों के जीवन, संघर्ष और योगदान को याद करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर ज्योति सिंह ने कहा 'आपका पसीना इस धरती को जीवन देता है। आपका सम्मान ही हमारी संस्कृति है।'

कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना ही अधिरोहण का लक्ष्य रहेगा।

राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप चेतक घोड़दौड़ प्रतियोगिता 9 से

तरुणमित्र न्यूज

इंदारा (मऊ)। *कोपागंज ब्लाक क्षेत्र के इंदारा गांव पर साल की भांति इस वर्ष भी 9 मई को राज्य स्तरीय (महाराणा प्रताप चेतक प्रतियोगिता) घुड़दौड़ आयोजन किया गया है। राज्यस्तरीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश के कई हिस्सों के सैकड़ों प्रतिभागी अपने घोड़ों के साथ आ रहे हैं।*

जिसमें दो दांत, नाकंद घोड़ों व बड़े घोड़ों का दौड़ कराया जाएगा। यह जानकारी प्रतियोगिता के संयोजक महेंद्र सिंह गोलू ने दिया।

नाबालिग युवती को भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। मधुबन कस्बा निवासी एक नाबालिग युवती को बहलाफुसला कर भगाने के मामले में मधुबन पुलिस ने युवती के पिता कि तहरीर पर एक युवक के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता का आरोप है कि मेरी लड़की कि उम्र 15 वर्ष है वह सुभागी इंटर कालेज मधुबन में पढ़ती थी विते 28 अप्रैल की दोपहर बारह बजे शिवपुर पाती निवासी अमरजीत पुत्र रामेश्वर बहलाफुसला कर कही भगा लेगया है मुझे अंदेशा है कि मेरी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना न घट जाए।

इस मामले में मधुबन पुलिस ने पीड़ित पिता कि तहरीर पर उस युवक के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है।

बेकाबू पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दर्दनाक मौत

- दो दिन पहले ही गुजरात से छुट्टी लेकर आया हुआ था घर
- परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

तरुणमित्र न्यूज

इन्दारा (मऊ)। कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा बाजार के पास शनिवार की दोपहर में एक बेकाबू पिकप ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक नीचे आ गिरा, जहां हेलमेट पहने होने के बाद भी पिकप का पहिया गुजरने के चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान बलिया जिला निवासी के रूप में हुई है, वह अपनी पत्नी के ननिहाल इंदारा में आया था, जहां से घर वापसी के समय वो हादसे का शिकार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया।

▸ मृतक दिलीप चौहान का फाइल फोटो।

▸ पिकअप के टक्कर से क्षतिग्रस्त बाईक।

मृतक की पहचान बलिया जिला के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के पांडेयपुर निवासी 35 वर्षीय दिलीप चौहान पुत्र नागेन्द्र के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दिलीप गुजरात में एक निजी कंपनी में काम करता था, वो दो दिन पहले ही गुजरात से छुट्टी लेकर घर आया हुआ था। हर बार की तरह वह जब भी छुट्टी पर आता था तो रिश्तेदारी में जाता था।

इसी वजह से वह शनिवार की सुबह अपनी पत्नी आरती के ननिहाल आया हुआ था। जहां से वो दोपहर एक बजे के करीब वापस अपनी बाइक से पांडेयपुर गांव लौट रहा था। अभी वह कोपागंज थाना क्षेत्र के इंदारा बाजार के पास पहुंचा था कि मऊ से मधुबन की ओर जा रहे बेकाबू पिकप ने टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही दिलीप बाइक समेत नीचे आ गिरा।

वह संभल पाता इसी बीच पिकप का अगला पहिया उसके सिर से गुजर गया। इससे हेलमेट पहने होने के बाद सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक एक एक बेटा और एक बेटी है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

इस घटना को लेकर कोपागंज थाना प्रभारी विजय प्रकाश मौर्य ने बताया कि मामला संज्ञान में है, पुलिस शव को पीएम के लिए भेजवाया, साथ ही फरार आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

पंजीकृत विलेखों के स्थलीय निरीक्षण में डीएम को स्टांप शुल्क की नहीं मिली कमी

तहसील घोसी के पांच बड़ी मालियत की भूमि में से एक का किया स्थलीय निरीक्षण

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र द्वारा माह अप्रैल 2025 में तहसील घोसी में पंजीकृत सबसे बड़ी मालियत के 05 विलेखों में से 01 विलेखों का शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें विक्रय विलेख संख्या 1168 वर्ष 2025 मौजा रजपुरा परगना व तहसील घोसी में स्थित आ.न. 169 रकबा 230.85 वर्ग मीटर व्यावसायिक भूमि व उसमे स्थित तीन मंजिला मकान का अंतरण किया गया। हिब्बाकर्ता श्रीमती शर्मा देवी पत्नी स्वर्गीय चुल्ली व हिब्बाग्रहिता रामविलास चौहान पुत्री चुल्ली चौहान है। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त अभिलेख द्वारा अंतरित भूमि में प्रलेखानुसार मूल्यांकन सही पाया गया तथा प्रथम दृष्टया कोई स्टांप शुल्क की कमी नहीं पाई गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अब अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व, सहायक आयुक्त स्टांप एवं उप जिलाधिकारी आदि द्वारा विकृत संपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा तथा स्टांप कमी के प्रकरणों में भारी जुर्माना लगाते हुए प्रभावी कार्रवाई भी की जाएगी।

ज्ञातव्य है कि मार्च माह में पंजीकृत सबसे बड़ी मालियत के विलेखों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने स्टांप शुल्क में कमी को पकड़ा था।

इसके अलावा जिलाधिकारी के ही निर्देश पर अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह द्वारा भी विलेखों के स्थल निरीक्षण के दौरान स्टांप चोरी का मामला पकड़ा गया था। इस संबंध में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक तहसील स्तर की पांच बड़ी पंजीकृत विलेखों का स्थलीय निरीक्षण अवश्य किया जाए जिससे स्टांप चोरी के प्रकरण पूरी तरह से समाप्त किया जा सके। ज्ञातव्य है कि कल भी जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने तहसील सदर के पांच बड़ी मालियात के रजिस्ट्री वाली दो भूमियों का स्थलीय निरीक्षण किया था जिसमें नियमानुसार स्टांप शुल्क पाए गए थे।

मौके पर मालियत की जांच करते डीएम प्रवीण मिश्र।

साड़ी के फंदे पर झूल महिला ने मौत को लगाया गले

तरुणमित्र न्यूज

मर्यादपुर/बेलौली (मऊ)। मधुबन थाना क्षेत्र के परशुरामपुर में शुक्रवार कि देर रात्रि एक महिला ने अपने कमरे की छत के हुक से साड़ी का फंदा बना कर अपनी ईहलीला समाप्त कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मीना देवी पत्नी कन्हैया पाल 35 वर्ष हर दिन की भांति भोजन बनाने व खाने के उपरांत अपने कमरे में बच्चों के साथ जाकर सो गई। देर रात्रि गये उस ने कमरे में लगे पंखे के हुक्क में साड़ी का फंदा बना कर अपनी ईहलीला समाप्त कर लिया। मृतका का पति गुजरात स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है जो घटना के समय वह गुजरात में ही था। सूचना मिलने के बाद मौके पर दलबल के साथ पहुचे मधुबन थाना प्रभारी संजय कुमार त्रिपाठी ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। उधर फॉरेन्सिक टीम घटना स्थल से साक्ष्य जुटाने जुटी रही। मृतका कि तीन लड़कियां हैं जिन का रो-रो कर बुरा हाल था। उनके करुणक्रंदन से उपस्थित सभी कि आँखे नम हो रही थी।

किसानों के लिए भूमि अधिग्रहण कानून बनवाने में अतुल अंजान की अहम भूमिकाः का.क्षीर सागर

- का. अतुल कुमार अंजान की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन
- सर्वदलीय लोगों ने का. अंजान के चित्र पर पुष्प अर्पित दी श्रद्धांजलि

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। उत्तर प्रदेश किसान सभा ने कामरेड अतुल कुमार अंजान की प्रथम पुण्यतिथि पर हिंदी भवन में किया शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जिसमें सभी दलों के नेताओं ने जुझारू जनप्रिय नेता कामरेड अतुल कुमार रंजन को भावभीनी श्रद्धांजलि दिये।

श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमरेड क्षीर सागर राजन ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सौ साल से विस्थापित किसानों के लिए भूमि अधिग्रहण कानून बनवाने में अतुल अंजान ने एक अहम भूमिका निभाई थी। अदानी को फायदा पहुंचाने के लिए भूमि अधिग्रहण कानून में बदलाव किया गया है। एम एस पी की कानूनी लड़ाई के लिए कुर्बानी देनी होगी।

सारे किसान संगठनों को एक सूत्र में बांधने का काम अतुल जी ने किया था। हमारे देश के अंदर हमारी साझी शहादत साझी विरासत की भावना को चोट पहुंचाया जा रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के परिवार में पैदा होकर छात्र राजनीति से होते हुए ऐतिहासिक किसान आंदोलन में कामरेड अतुल कुमार अंजान का सहयोग अतुलनीय है। दिल्ली में एक किसान भवन का अतुल अंजान का सपना पूरा करना हम सबकी बड़ी जबाबदेही है। का. अतुल अंजान जिंदगी के आखिरी समय तक कम्युनिस्ट पार्टी में निष्ठावान साथी बन रहे। स्थानीय कलेक्ट्रेट में का. झारखंडे राय व का. जय बहादुर की मूर्ति लगवाने में अतुल अंजान मुलायम सिंह यादव से जिद पर अड़े रहे जिसके कारण आज वहां मूर्ति विराजमान है। अतुल अंजान ने जो मेहनत करके ढांचा खड़ा किया है उसको आगे लेकर जाना होगा. देश के किसानों को बर्बाद करने के लिए अमेरिका से ट्रेड समझौता किया जा रहा है। खेती बचाओ किसान बचाओ किसान बचाओ देश बचाओ उनके प्रिय स्लोगन थे।

अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड रावुला वकैया ने कहा 11 अप्रैल 1936 को शहजानंद सरस्वती द्वारा स्थापित किसान सभा का एक गौरवशाली इतिहास है. कामरेड अतुल कुमार अंजान 27 सालों तक इस किसान सभा के साथ काम करते रहे। हमें देश को बचाने के लिए किसानों को बचाना होगा खेती को बचाना होगा यही अतुल कुमार अंजान के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव अरविन्द राज सरूप ने कहा कि कामरेड अतुल कुमार अंजान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के शीर्षास्त्र नेता थे। उन्होंने अपना जीवन जुल्म अत्याचार के खिलाफ शोषित, पीड़ित जनता के बेहतर निर्माण के लिए समर्पित किया।

श्रद्धांजलि सभा को पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक इम्तियाज अहमद, पूर्व सांसद सालीम अंसारी इम्तियाज बेग, अब्दुल अजीम, अतुल कुमार अंजन की बहन किरण सिंह, उत्तर प्रदेश किसान सभा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र प्रसाद मिश्रा, शेखहेशामुद्दीन, भारती कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री राम सो यादव,बसंत कुमार गुफरान अहमद, सुरेंद्र राम जी, अमेरिका यादव, रामजी सिंह, वीरेंद्र कुमार, उमाशंकर सिंह, राम नारायण सिंह, उमेश चंद्र पांडे आजाद नेता, नेसार अहमद, विजय यादव, बिरहा कलाकार अब्दुल मन्नान साहब, राम अवतार सिंह,राणा सिंह, लक्ष्मण पांडे बलिया, अनीस अहमद, के के पांडे, रमन पांडे, रामवर्धन सिंह, डॉक्टर बसर साहब, ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया।

श्रद्धांजलि सभा का की अध्यक्षता रमेशचंद पाण्डेय और संचालन उत्तर प्रदेश किसान किसान सभा के राज्य सचिव रमकुमार भारती ने किया।

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ

श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरुणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरुणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।

आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)

फोनः-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147

E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

मुख्यालयः- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

जिलाधिकारी ने सुनी जनशिकायतें, 174 शिकायतें में से सात का निस्तारण

तरुणमित्र न्यूज़

सिकन्दरपुर (बलिया)। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने तहसील सिकंदरपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 174 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता श्री रमेश कुमार निवासी ग्राम–किकोड़ा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित रहती हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को जांचकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास, विद्युत, अवैध कब्जा हटाए जाने, राशन कार्ड तथा पाई आदि से सम्बन्धित मामले आए, जिसमें संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुनील कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव वर्मन एवं प्रभागीय वनाधिकारी श्री अपूर्व दीक्षित सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

पशु मंडई में लगी आग

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। बरदह थाना क्षेत्र अंतर्गत राजेपुर ग्राम में रामवृक्ष चौहान पुत्र सुक्खू चौहान के पशु मंडई में शॉर्ट सर्किट के कारण आज सुबह दिन शनिवार आग लग गई जिसमें रामवृक्ष चौहान की दो भैंस खूंटे से बंधी हुई थी और मंडई में कुछ चावल गेहूं एवं भूसा भी रखा हुआ था वह सब जलकर राख हो गया। भैसे झुलस गई आस पड़ोस के लोग एवं घर वाले ने काफी मशक्कत करके किसी तरह पशुओं को बाहर निकाला और आग बुझाए मौके पर लेखपाल अशोक यादव पहुंचे जाच परताल किया कहा कि जो यथासंभव होगा मैं सरकार से मदद दिलवाऊंगा घर वालों की सूचना पर पशु चिकित्सा अधिकारी सुरेश चंद पाल थोड़ी देरी पर पहुंचे पशुओं का इलाज किया।

दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की समीक्षा बैठक समिति के मा0 सभापति अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में और समिति के सदस्य अंगद कुमार सिंह और पद्म सेन चौधरी की उपस्थिति में वाराणसी के सर्किट हॉउस सभागार में जनपद गाजीपुर की संपन्न हुई। समिति के साथ संजय कुमार समिति अधिकारी, विवेक सिंह समीक्षा अधिकारी, बृजेश प्रतिवेदक अधिकारी, अभिनय अपर निजी सचिव उपस्थित थे।

समिति के आगमन पर जिलाधिकारी अविनाश कुमार द्वारा मा0 अध्यक्ष तथा पुलिस अधीक्षक डा ईरज राजा एवं अपर जिलाधिकारी वित्त रा0 दिनेश कुमार द्वारा सदस्यगण को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र तथा पौध स्वरूप स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने समिति को शासन स्तर से अधिसूचित आपदाओं में अब तक पीड़ितों को क्षतिपूर्ति दिए जाने के संबंध में जानकारी दी। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 दिनेश कुमार ने जनपद में हुई आपदाओं की विस्तृत जानकारी दी। मा0 सभापति ने आपदा पीड़ितों की मदद के लिए अधिकारियों को संवेदनशील रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर ऐसी कार्य योजना बनाई जाए, जिससे किसी भी आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने पीड़ितों के प्रति अधिकारियो मे संवेदनशीलता लाते हुए मुख्यमंत्री के मंशा के अनुरूप उन्हें नियमानुसार सुविधाएं देने का निर्देश् दिया. उन्होंने कहा कि आपदा मे ज्यादातर गरीब ही प्रभावित होते हैं! उन्होंने सर्पदंश से होने वाली मौतों को रोकने के लिए विशेष निर्देश दिए। सभी सरकारी अस्पतालों में एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। सर्पदंश से मृत्यु की दशा में पोस्टमार्टम कराने तथा पीडितों को तत्काल आपदा राहत मुआवजा दिलाने के निर्देश दिये और सर्पदंश से बचाव और उपचार का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये। समिति ने निर्देशित किया कि तहसील, विकास खंड, नगर पालिका, नगर पंचायत, सीएचसी/पीएचसी सेंटर आदि में सर्पदंश से बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी प्रदर्शित की जाए जिससे आमजनमानस जागरुक हो सके।

नदी एवं तालाब में डूबने से होने वाली मौतों को रोकने के लिए खतरनाक स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने का सुझाव दिया गया। सभापति ने सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा आम जनता तक पहुंचाने के लिए कहा। सभापति महोदय के द्वारा जनपद में आपदा प्रबंधन हेतु कंट्रोल रूम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई और निर्देशित किया गया कि कंट्रोल रूम नंबर हमेशा सक्रिय रहे।

संक्षिप्त समाचार

सम्पूर्ण समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ सम्पन्न

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर।जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार सम्पन्न हुआ। जिसमे 45 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए मौके पर 06 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलों की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 302 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 36 शिकायत/प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता 40 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 10 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 22 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। जमानियॉ तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 56 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मैके पर 05 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 36 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 02 निस्तारण किया गया।

तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 72 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 04 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 31 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत/प्रार्थना पत्रो के आधार पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी प्रार्थना पत्र लम्बित न हो, अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय। उन्होने आई जी आर एस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो को शत-प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से लगातार होती है। कोई भी लम्बित प्रकरण पाये जाने एवं डिफाल्टर की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होगे। इस अवसर पर परियोजना निदेशक राजेश यादव, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदर सदर, एवं समस्त सम्बन्धित अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

दबंगों ने की पशुपालक की पिटाई

तरुणमित्र न्यूज़

बैरिया (बलिया)।शुभनथही गांव से बछड़ा सहित दुधारू गाय खरीद कर घर ले जाते समय बछड़े को ट्रैक्टर से धक्का मारने के मामले में विरोध करना पशुपालक को भारी पड़ गया। दबंगों ने पशुपालक को जमकर पिटाई कर दिया। मामले में बैरिया निवासी आदित्य तिवारी पुत्र विजय तिवारी के तहरीर पर चार नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में बैरिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बता दे की शुक्रवार की शाम कस्बा निवासी आदित्य तिवारी पुत्र विजय तिवारी ने शुभनथही निवासी शत्रुघ्न मिश्रा से गाय खरीद कर अपने घर जा रहे थे।रास्ते में बछड़े को ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। जिससे विरोध किया गया,विरोध करने से आक्रोशित दीपेश यादव, अभिषेक यादव, दीपू यादव, अश्विनी यादव व कुछ अज्ञात लोग आदित्य तिवारी को मारने पीटने लगे।मामले में पीड़ित के पिता द्वारा विरोध किए जाने पर उसे भी पिटाई कर दी गई। साथ ही जान मारने की धमकी व गाली गलौज किया गया। मामले में बैरिया एसएचओ राकेश कुमार सिंह ने पुलिसिया कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर 151 की कारवाई किया। इस बाबत एसएचओ बैरिया राकेश सिंह ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना किया जा रहा है।

उत्पादन, मूल्य संवर्धन एवं विपणन गोष्ठी का आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

गाजीपुर।उप सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के उद्यान अनुभाग लखनऊ दिनांक 09.04.2025 के क्रम में द्वितीय मण्डलीय औद्यानिक उत्पादन, मूल्य संवर्धन एवं विपणन गोष्ठी का आयोजन वाराणसी में प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश शासन/निदेशक/उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उ0प्र0 की अध्यक्षता में दिनांक 13.05.2025 दिन मंगलवार को किया गया है। गोष्ठी में विभागीय अधिकारियों विषयवस्तु विशेषज्ञों, प्रगतिशील कृषकों, एफ0पी0ओ0, उद्यमियों, निर्यातकों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जो एग्रो-क्लाइमेटिक जोनवार औद्यानिक फसल उत्पादन बढ़ाने की रणनीति तैयार करेंगे एवं मूल्य संवर्धन तकनीक तथा निर्यात एवं विपणन व्यवस्था पर चर्चा करेंगे। गोष्ठी के समय एक उच्च तकनीकी ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी। गोष्ठी में मण्डल के प्रत्येक जनपद से एक-एक प्रगतिशील कृषक/उद्यमी/निर्यातक को सम्मानित भी किया जाना है। तद्क्रम में जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के प्रगतिशील कृषकों को सूचित किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उक्त गोष्ठी में प्रतिभाग करें तथा नवीन तकनीकी से औद्यानिक फसलों की खेती करने हेतु विशेषज्ञों की बातों को आत्मसात करें।

शहर के चौराहों के सौंदर्यीकरण का तैयार किया जा रहा प्लान

तरुणमित्र न्यूज़

बलिया। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद,बलिया को यातायात की दृष्टिगत से जाम से निजात दिलाने के लिए तथा सौंदर्यीकरण की दिशा में विशेष कदम उठाया गया है, जिसके दृष्टिगत कलेक्ट्रेट चौराहे का आर्किटेक्ट प्लान तैयार किया गया, चौराहे का चौड़ीकरण, डिवाइडर, पौधारोपण, ट्रैफिक लाइट,एल.ई.डी. स्क्रीन,डिजिटल कैमरा आदि से सुसज्जित किया जाएगा।

यह जानकारी मुख्य राजस्व अधिकारी श्री त्रिभुवन ने देते हुए बताया कि वर्तमान में ओवरब्रिज के सौंदर्यीकरण का कार्य गतिमान है। ओवरब्रिज के ऊपर बटरफ्लाई लाइट और नीचे सुंदर पेंटिंग के साथ सुंदर लाइट लगेंगी और ग्रीन बेल्ट बनाई जायेगी। इसके साथ ही कुंवर चौराहा, एन.सी.सी. तिराहा, चित्तू पाण्डेय चौराहा, जगदीशपुर चौराहा और बिशनीपुर चौराहा के सौंदर्यीकरण का भी प्लान तैयार किया जा रहा है।

ग्राम प्रधानों के खिलाफ शिकायत की त्वरित कार्रवाई और जांच का आदेश

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार द्वितीय ने ग्राम प्रधानों के खिलाफ प्राप्त शिकायतों की त्वरित जांच और निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947, जांच नियमावली 1997 और उच्च न्यायालय के आदेशों के तहत विभिन्न विकास खंडों की ग्राम पंचायतों की जांच के लिए अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। जांच अधिकारी मौके पर जाने से 72 घंटे पहले आरोपियों को नोटिस जारी करेंगे और 48 घंटे पहले नोटिस तामील कराएंगे। अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर अभिलेखीय/स्थलीय जांच के आधार पर स्पष्ट जांच आख्या जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की ससुराल में मौत

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला रसूलपुर में शुक्रवार को 30 वर्षीय निशा पत्नी लक्ष्मी सोनकर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। ससुराल पक्ष के लोग निशा को अचेत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुबारकपुर ले गए, जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुंचे मुबारकपुर थाना प्रभारी निहार नन्दन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मायके वालों ने निशा की मौत को हत्या बताते हुए ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी है। मृतका की मां फुलेसरी देवी निवासिनी धर्मसीपुर, थाना रानीपुर, जनपद मऊ ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि निशा की शादी आठ वर्ष पहले लक्ष्मी सोनकर पुत्र अच्छेलाल सोनकर निवासी रसूलपुर, थाना मुबारकपुर के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही निशा के पति लक्ष्मी सोनकर, देवर प्रदीप, जेठ गुड्डू सोनकर, जेठानी आरती दहेज के लिए निशा की प्रताड़ित करने लगे।

आए दिन निशा के साथ मारपीट और घर से भगाने जाने की घटनाएं होती थीं। 2 मई को निशा ससुराल पहुंची, उक्त लोगों ने उसकी हत्या कर दी। फुलेसरी ने पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि पहले भी कई बार निशा की प्रताड़ना की शिकायत थाने में की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बता दें कि मृतका के दो बच्चे 5 वर्षीय बेटी और एक 2 वर्षीय बेटा है।

कम्पोजिट विधालय हरिहरपुर की सहायक अध्यापिका निलंबित

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक ने कम्पोजिट विद्यालय हरिहरपुर शिक्षा क्षेत्र पल्हनी की सहायक अध्यापिका सुमन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने यह कार्रवाई जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वितीय के निर्देश के क्रम में की है।

बता दें कि शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वितीय द्वारा कम्पोजिट विद्यालय हरिहरपुर शिक्षा क्षेत्र पल्हनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कक्षा 7 की छात्र उपस्थिति पंजिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि उक्त कक्षा में कुल 26 बच्चों का नामांकन है, जिसमें अध्ययनरत 20 बच्चों की उपस्थिति अंकित की गयी है, जिसके सापेक्ष भौतिक सत्यापन के समय मात्र वास्तविक रूप से 12 बच्चें ही उपस्थिति पाये गये। इस प्रकार उक्त कक्षा में फर्जी तरीके से 8 बच्चों की उपस्थित होने का अंकन किया जाना पाया गया। मौके पर उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपेन्द्र दत्त शुक्ल द्वारा यह अवगत कराया गया कि उक्त उपस्थिति का अंकन किये जाने हेतु उनके द्वारा पत्र व्यवहार पंजिका पर 11 अप्रैल 2023 को सुमन सिंह, सहायक अध्यापक को नियमित उपस्थिति दर्ज किये जाने हेतु नामित किया गया है, जिसे देखा गया। इस परिप्रेक्ष्य में सुमन सिंह स0अ0 के ऊपर वर्णित तथ्य प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाये जाने के दृष्टिगत एतदद्वारा तात्कालिक प्रभाव से सुमन सिंह, सहायक अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय हरिहरपुर शिक्षा क्षेत्र पल्हनी, को निलम्बित किया जाता है।

ससुराल से मायके के लिए निकली विवाहिता लापता

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मई खरगपुर निवासी एक विवाहिता एक सप्ताह पूर्व ससुराल से मायके के लिए निकली, इसके बाद से वह लापता हैं। पति ने गुरुवार को गंभीरपुर थाना में गुमशुदगी की तहरीर दी है। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मईखरगपुर निवासी सुखलाल सरोज ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी सीतू सरोज 24 अप्रैल को दोपहर को मायके जाने की बात कह कर निकली थी।

उसने अपने दोनों बच्चों को घर पर ही छोड़ दिया था। मायका ससुराल से चार किलोमीटर दूर गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मुड़हर गांव में स्थित है। शाम को पति ने ससुराल फोन किया तो पता चला कि सीतू सरोज मायके नहीं पहुंची है। पति ने उसकी तलाश किया, लेकिन पता नहीं चला। पति ने गुरुवार को गंभीरपुर थाने पर पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गंगा सप्तमी पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

तरूणमित्र न्यूज

भांवरकोल (गाजीपुर)। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि (गंगा सप्तमी) पर शनिवार को श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना की।

मां गंगा के पुनजनम दिवस पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से घाटों पर उमड़ने लगी थी।

दिन चढ़ने तक क्षेत्र के शेरपुर, वीरपुर, पलियां, कोटवां आदि गंगा घाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। लोगों ने गंगा स्नान के बाद मां गंगा की विधिवत पूजा-अर्चना, दान पुण्य करने के बाद क्षेत्र के मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही।

वैदिक मान्यताओं के अनुसार गंगा सप्तमी के दिन मां गंगा का पृथ्वी लोक पर पुनर्जन्म हुआ था। सनातन धर्म में गंगा सप्तमी का विशेष महत्व होता है, इस दिन सनातन धर्मी मां गंगा में स्नान कर मां गंगा की पूजन करते हैं। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी का पर्व मनाया जाता है।

मान्यता यह भी है कि गंगा सप्तमी के दिन मां गंगा में डुबकी लगाने वालों के सात जन्मों के पाप कट जाते हैं।

दोना पत्तल मेकिंग मशीन का निशुल्क वितरण हेतु आवेदन

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री पवन श्रीवास्तव ने बताया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के टूल-किट्स वितरण योजनान्तर्गत दोना पत्तल मेकिंग मशीन के नि:शुल्क वितरण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद के लिये 10 लाभार्थियों के चयन का लक्ष्य आवंटित किया गया है, दोना पत्तल बनाने वाले परम्परागत कारीगरों एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले अन्य लाभार्थियों से दिनांक 15 मई 2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। लाभार्थियों के आनलाइन पंजीकरण हेतु बोर्ड की वेबसाइट upkvib.gov.in की आनलाईन सेवाओं के अन्तर्गत टूल किट्स पंजीकरण पर जाकर पंजीकरण किया जा सकता है। आफलाइन आवेदन के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सिधारी आजंमगढ़ में आवश्यक अभिलेखों निवास, जाति, आय, शैक्षिक योग्यता कम से कम कक्षा 08वीं पास, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य हों, वे लाभार्थी समस्त कागजात सहित अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते है।

जिनका चयन बोर्ड द्वारा गठित कमेटी के द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। कमेटी द्वारा चयनित लाभार्थियों को दोना पत्तल मेकिंग मशीन मुख्यालय खादी बोर्ड लखनऊ से प्राप्त होने पर नि:शुल्क वितरित की जायेगी। अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कमिश्नरी रोड सिधारी, आजमगढ़ और मोबाईल नम्बर 7408410762 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अखिल भारतीय नौजवान सभा का जिला सम्मेलन सम्पन्न

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। शनिवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय आजमगढ़ में अखिल भारतीय नौजवान सभा का 14 वा जिला सम्मेलन हुआ जिसके पर्यवेक्षक उप्र के महामंत्री अमजदशाह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मो सऊद ने और संचालन मो शेख ओबेदुल्ला ने किया। संगठन के महामंत्री अमजद शाह ने सम्मेलन की शुरुवात करते हुए कहा कि आज देशभर जहां जाति, धर्म और संप्रदाय के आधार पर लोगों में नफरत फैलाई जा रही है। वहीं हम नौजवान सभा का सम्मेलन जगह जगह कर रहे हैं।

बेरोजगारी से नौजवान सड़क पर घूम रहा है। उसे काम देने के बजाय जाति धर्म में उलझाकर नफरती बनाया जा रहा है। जिससे नौजवान अपने सवाल सरकार से न कर सके। शाह ने बताया कि 5 व 6 अप्रैल को मऊ में राज्य सम्मेलन हो रहा है। जिसमें प्रदेश के कोने कोने से नौजवान साथी भाग लेंगे। उन्होंने आजमगढ़ से मऊ जाने के लिए अपील किया।

सम्मेलन में कई साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। संगठन की नई जिला कार्यसमिति नौ लोगों की बनाई गई।

जिसमें मो शेख ओबैदुल्ला को जिला अध्यक्ष अब्दुल्लाह, सुनील कुमार को उपाध्यक्ष, रमेश कुमार को जिला सचिव,मो सऊद, सफ़ात अहमद को सहायक सचिव, अजय कुमार तिवारी को कोषाध्यक्ष तथा रिजवान खा, राजीव कुमार को सदस्य सर्व सम्मति से चुना गया। सीपीआई जिला सचिव जितेंद्र हरि पाण्डेय ने सम्मेलन में उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताया। सम्मेलन में मुख्यरूप से इसकफ के जिला अध्यक्ष सफीक अहमद, ओ पी मौर्य,डॉ तारिक खान, मनोज कुमार यादव,अब्दुल मुगीज,मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।

(EWS) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग नहीं बन रहा है प्रमाण पत्र काट रहे तहसील का चक्कर

तरूणमित्र न्यूज

बरदह। मार्टिनगंज तहसील में कुछ अभ्यर्थीयों द्वारा EWS प्रमाण पत्र के लिए आवेदन पत्र हेतु दिनांक 4. 4.25 को तहसीलदार मार्टिनगंज आजमगढ़ के यहाँ पर किया गया था मगर फूलपुर तहसीलदार जो कि मार्टिनगंज के तहसीलदार का भी चार्ज लिए हुए है ।उनके द्वारा आज तक जारी नहीं किया गया है। जिसके वजह से अभ्यर्थीयों को फार्म भरने एवं एडमिशन के लिए परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है अभ्यर्थियों में हर्षित राय चौकी शुभांशु राय बरदह शिवानी राय साक्रामऊ हर्ष राय चौकी में विद्यार्थियों ने ईडब्ल्यूएस बनवाने के लिए मार्टिनगंज तहसील में तहसीलदार के यहां फॉर्म भर कर दिया है तहसीलदार मार्टिनगंज का कहना है कि नेखपाल तहसीलदार के रिपोर्ट से यह पूरा नहीं हो पाएगा इसमें जीपीआरएस नक्शा का लोकेशन देना होगा और पता लगाना होगा कि अभ्यर्थी ईडब्ल्यूएस बनाने योग्य है कि नहीं है अभ्यर्थियों का काफी नुकसान हो रहा है अभ्यर्थियों का आरोप है कि इतने सारे नियम बताकर कुछ धनउगाई का सिस्टम बना रहे हैं तहसीलदार मार्टिनगंज जिसका पैसा मिल जाता है उसका कोई नियम कानून नहीं लगाते हैं। और ईडब्ल्यूएस तुरंत बन कर मिल जाता है जिसका पैसा नहीं मिलता है वह तमाम प्रकार का नियम बता देते हैं जो ईडब्ल्यूएस बन ही नहीं पाता छोड़कर चला जाता है तहसीलदार कमल कुमार सिंह ने बताया कि नेखपालऔर कानीगो अभ्यर्थियों के साथ अपने मकान के सामने जीपीआरएस लोकेशन सहित फोटो हमको चाहिए और खतौनी चाहिए यह सब नए नियम आए हैं इनको फॉलो जो करेगा उसका ईडब्ल्यूएस तुरंत बन जाएगा। एसडीएम मार्टिनगंज राजकुमार बैठा ने बताया कि हमको कुछ अभ्यर्थियों की शिकायत मिली है उसको दिखाएंगे। शिकायतकर्ता में विजय तिवारी हेमंत तिवारी अखिलेश तिवारी प्रवीण तिवारी संजय मोदनवाल राजेश पाचू तिवारी विशाल तिवारी संजय राय विजय राय आदर्श सिंह आदि शिकायतकर्ताओं में एसडीएम मार्टिनगंज से शिकायत किया और कहां की ईडब्ल्यूएस बनवाने की कृपा करें एडवोकेट अखिलेश तिवारी ने बताया कि एक महीने से हमारे अभ्यर्थियों को तहसीलदार साहब दौड़ा रहे हैं और रिपोर्ट नहीं लगा रहे हैं हमने डीएम साहब से बात किया है डीएम साहब ने दिशा निर्देशित किया है कि ईडब्ल्यूएस अविलंब बनवाने की कृपा करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम एवं बीडीओ ने की जन सुनवाई

तरूणमित्र न्यूज

मार्टिनगंज। तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी राजकुमार बैठा एवं खंड विकास अधिकारी इदरीस अली ने जन समस्याओं को सुना जहां राजस्व संबंधित 54, पुलिस संबंधित 14, अन्य 6। कुल 74 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 4 मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ अन्य के लिए संबंधित मातहतों को निर्देश दिया गया। जहां उपस्थित रहे विद्युत उपखंड अधिकारी ग्रीस सिंह,खंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह, नगर पंचायत ईओ आशीष राय, खाद्यान्न पूर्ति निरीक्षक राजकमल,राजस्व निरीक्षक राम बच्चन यादव,विजय प्रताप सिंह,सुरेश तिवारी, संबंधित थाने के उपनिरीक्षक एवं क्षेत्रीय लेखपाल गण आदि।

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरे पौत्र का नाम श्रेयन पाण्डेय (SHREYAN PANDEY) था जिसे बदलकर अब अन्वित पाण्डेय (ANVIT PANDEY) कर लिया है। अब से मेरे पौत्र का नाम अन्वित पाण्डेय (ANVIT PANDEY) के नाम से जाना व पहचाना व समझा जाय। देवी प्रसाद पाण्डेय पुत्र स्व0 रूप नारायण पाण्डेय निवासी 590/ए/12, एस0एस0 टावर, हुसेनाबाद पो0 कचहरी थाना लाईनबाजार तह0 सदर जिला जौनपुर

CMM ENGLISH SCHOOL
THE CREATIVE BEST EDUCATION
ADMISSION OPEN 2025-26
Technology Enabled Education...
Our Special Features
Successful Result Since Inception. Child Centered Education.
Qualified and Efficient Teachers. Green Environment.
Student Friendly Ambience. CCTV Camera.
9451363534
7310383940
YAHIYAPUR POWER HOUSE ROAD
RASHIDABAD, JAUNPUR
cmmenglishschool@gmail.com
Cmm English School
Cmmesjnp

जम्मू-कटड़ा एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट को लेकर बवाल, किसानों ने ट्रक और ट्रॉलियों से हाईवे किया जाम

श्रीहरगोबिंदपुर साहिब, 03 मई। हलका श्रीहरगोबिंदपुर साहिब के अधीन आते गांव चीमा खुड्डी में जम्मू-कटरा नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने कब्जा लेने पहुंचे अधिकारी और किसान आमने-सामने हो गए। हालांकि किसानों को एडीसी गुरदासपुर, एसडीएम डेरा बाबा नानक और एसपी गुरप्रताप सिंह ने हर संभव समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन किसान अपनी मांग पर अड़े रहे। किसान नेताओं ने कहा कि जब तक पैसे पूरे नहीं दिए जाते, कब्जा नहीं करने देंगे। दूसरी तरफ जिला प्रशासन का कहना है कि जिस जमीन के पैसे दिए गए है, उन पर ही कब्जा लिया जा रहा है। किसानों द्वारा लगातार विरोध करने पर पुलिस प्रशासन द्वारा किसान नेता हरविंदर सिंह मसानियां और दो दर्जन से अधिक किसान व महिलाओं को डिटेन किया गया। जिस बस में प्रदेश नेता हरविंदर सिंह मसानिया को पुलिस लेकर जा रही थी, किसानों ने रास्ते में ट्रक-ट्रॉलियां लगाकर नारेबाजी की। इसके बाद मसानियां सहित दर्जन से अधिक किसानों को छुड़ाया गया। हरविंदर मसानियां ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से वादा खिलाफी की जा रही है। पंजाब सरकार धक्के से किसानों की जमीनों पर कब्जा कर रही है। जिसके आगामी समय में सरकार को परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

Registration Form Available Now
(Admission Through Entrance Exam Only)
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
SAVITRI CONVENT HIGH SCHOOL
We Shape The Future
Limited Seats Only
SILVER JUBILEE OF 21st CENTURY OFFER
100% Discount on Admission Fee
From Today to 30th April 2025
पढ़ाई आसान, रिजल्ट शानदार
हर बच्चे को पढ़ाई के लिए मिलेगा सही गाइडेंस
स्कूल की 3 नयी सुविधाएं
✓ हर महीने माता-पिता के लिए लर्निंग रिपोर्ट
✓ पढ़ाई की नई शिक्षा नीति पर आधारित ट्रैकिंग सिस्टम
✓ घर पर पढ़ाई, रिवीजन और प्रैक्टिस के फ्री टूल्स
OUR MISSION
YOUR CHILD'S BEST ACADEMIC GROWTH
Contact: Dr. Ajit Asthana
Director (Administration)
Mob.: 9305963991, 6394015955
490-A, Civil Lines
Ambedkar Tiraha
Miyanpur, Jaunpur-222002
SAVITRI CONVENT SCHOOL | Ambedkar Tiraha, Jaunpur | 9305963991

संजौली मस्जिद की तोड़ी जाएंगी सभी इमारतें

कोर्ट का बड़ा फैसला, वक्फ वकील नहीं पेश कर पाए कागजात

शिमला, 03 मई। हिमाचल प्रदेश की विवादित संजौली मस्जिद मामले की सुनवाई आज शिमला नगर निगम आयुक्त कोर्ट में हुई। जिसमें नगर निगम आयुक्त ने बाकी बची निचली दो मंजिलों को तोड़ने के आदेश जारी कर दिए हैं। वक्फ बोर्ड को आज मस्जिद की जमीन पर मालिकाना हक के कागज अदालत में पेश करने सहित मस्जिद का नक्शा भी अदालत को देना था। लेकिन वक्फ के वकील न तो सही कागजात दे पाए न ही मजबूती से अपना पक्ष रख पाए।

क्या बोले वक्फ बोर्ड के वकील ?: वक्फ बोर्ड के वकील ने कहा कि इस जगह मस्जिद 1947 से पहले की थी जिसको तोड़कर बनाया गया। संजौली लोकल रजिडेंट के अधिवक्ता जगत पालने कहा कि नगर निगम कोर्ट ने पूछा कि यदि मस्जिद 1947 से पहले की थी तो पुरानी मस्जिद को तोड़कर नई बनाने के लिए नगर निगम से नक्शा सहित अन्य जरूरी अनुमति क्यों नहीं ली गई।

नियमों को ताक पर रखकर सारी मस्जिद बनाई गई। पौने घण्टे तक चली बहस के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। दोपहर एक बजे के बाद नगर निगम आयुक्त भूपिंदर अत्री ने फैसला सुनाया। जिसमें साफ कहा कि पूरी मस्जिद अवैध है जिसे गिराया जाए।

क्या है संजौली मस्जिद मामला ?: शिमला के मतियाणा में युवकों की पिटाई के बाद संजौली मस्जिद विवाद उठा और हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। 11 सितंबर को संजौली मस्जिद कमेटी ने अवैध बताए जा रहे हिस्से को हटाने की पेशकश की थी। पांच अक्टूबर को नगर निगम आयुक्त की अदालत ने मस्जिद की तीन मंजिलें तोड़ने को मंजूरी दी। इसके बाद इस मामले पर आयुक्त और अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में काफी समय तक सुनवाई चली। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत से भी मुस्लिम समुदाय के पक्ष में निर्णय नहीं आया था।

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC
& Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name | Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
ADVANCE WOMEN CARE
डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्ष्म)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
• एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
नि:संतान महिलाएं अवश्य मिलें

हॉलमार्क रजिस्टर्ड प्रतिष्ठान
प्रो. सौरव कुमार बैंकर
Mob.: 7309902476, 7317337000
सौरव ज्वेलर्स
अण्डर ग्राउण्ड शोरूम
हॉलमार्क ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत वापसी की गारंटी
रत्नों एवं उपरत्नों का विशाल संग्रह • कलात्मक एवं फैन्सी आभूषणों के विक्रेता
विश्वास की कसौटी पर निरन्तर अग्रसर
मिश्रा काम्प्लेक्स, ओलन्दगंज - जौनपुर

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर Mob. : 9129773253
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing) Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M.
सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
योग्यता 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया मेरिट के आधार पर
आयु सीमा 17-35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव
Mob.: 8931931199
9415273329
डा. शकुन्तला यादव
प्रबन्ध निदेशक
Mob.: 9889377675
9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD.
708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

बी.ए.एम.एस. के सर्वोत्तम प्रशिक्षण के लिए
डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज, जौनपुर
पता - 1214, नयनसण्ड, थाना रोड, गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उ.प्र.) 222133
College Code- AYU0728
ADMISSION OPEN 2025-26
अभ्यर्थी U.P., आयुष, NEET की वेबसाइट पर डा. शकुन्तला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को प्रथम विकल्प चुनें
BAMS
BACHELOR OF AYURVEDIC MEDICINE AND SURGERY
Recognized by NCISM, Ministry of AYUSH, Govt. of India,
Affiliated to Mahayogi Guru Gorakhnath AYUSH University, Uttar Pradesh
10+2 (PCB) Min. 50% and NEET Qualifying Score
4.5 Years + 1 Year Internship
स्कॉलरशिप
एजुकेशन लोन सुविधा
LIMITED SEATS
HURRY UP!
PRE BOOK YOUR SEAT NOW
• जनपद जौनपुर का पहला आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज।
• योग्य अनुभवी चिकित्सकों द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा।
• विशेषज्ञ आयुर्वेदिक चिकित्सकों द्वारा उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा।
• डिजिटल एक्सरे, अल्ट्रासाउण्ड, पैथोलॉजी, सर्जरी, ट्रामा, मेडिकल आई.सी.यू, ओटी, फिजियोथेरेपी, पंचकर्म, क्षारसूत्र से सुसज्जित हॉस्पिटल में विशेष प्रशिक्षण।
• विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु उत्कृष्ट वातावरण।
• आधुनिक पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला।
NEET UG 2024 QUALIFYING CUTOFF

CATEGORY	PERCENTILE	MARKS
GEN/EWS	50%ile	164
OBC	40%ile	129
SC	40%ile	129
ST	40%ile	129

9415273329, 9889377675, 1390691111 drshakuntalaayush.in drshamch2023@gmail.com

खौफ में हर हथियार चलाकर देख रहा पाकिस्तान

इस्लामाबाद, 03 मई। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत के आक्रामक रुख को देखते हुए पाकिस्तान बुरी तरह घबरा गया है। खाड़ी देशों के सामने मिन्नतें करने के बाद अब वह हथियारों पर हाथ-पांव मारने लगा है। वह एक-एक कर अपने हथियारों को चलाकर देख रहा है। शनिवार को पाकिस्तान की सेना ने आनन-फानन में अब्दाली मिसाइल का टेस्ट कर डाला। भारत के सख्त रुख को देखते हुए पाकिस्तान गीदड़भभकी वाला माहौल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान की सेना ने बयान जारी कर बताया कि शनिवार को सरफेस टु सरफेस मिसाइल अब्दाली वेपन सिस्टम का परीक्षण किया गया है। इसकी रेंज 450 किलोमीटर की है। पाक सेना ने कहा, सेना की तैयारी लेकर मिसाइल का टेस्ट किया गया है। यह मिसाइल आधुनिक तकनीक से लैस है और इसमें अडवांस नेविगेशन सिस्टम का भी इस्तेमाल किया गया है।

नि:सन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर
जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग
की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांस मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
Email: siddhathhospitaljnp@gmail.com, siddharthhospital.jaunpur@yahoo.com
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

जौनपुर शोरूम- पॉलिटेक्निक चौराहा, मिर्जापुर रोड, रुहट्टा, जौनपुर
सम्पर्क- 7309096302, 7000006397
सुल्तानपुर शोरूम- सम्पर्क 1088/8, डी.एम. आवास के सामने सिविल लाइन्स, सुल्तानपुर
सम्पर्क- 7800006396
गाजीपुर शोरूम- सकलेनाबाद, रसूलपुर, गाजीपुर- 233001
सम्पर्क 9415207229, 7800006395